दैनिक करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
शिवरात्रि की शुभकामनाएं
नई दिल्ली। बुधवार 23 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 214 पेज-09 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# शिवरात्रि का महा जलाभिषेक शुरू

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में लगी भक्तों की कतार

### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर भगवान शिव को अर्पित किया छप्पन भोग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन मास की शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए शहर के प्राचीन और विशाल दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर मंगलवार की रात से ही कांवड़ियों और शिव भक्तों की भीड़ जमा हो गई। देर रात से ही जलाभिषेक का महाकार्यक्रम शुरू हो गया।

शिवरात्रि जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों ने हाजिरी का जल अर्पित करने को लेकर रात से ही लाइन लगा ली दी थी। वहीं कांवड़ियों की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आलाधिकारियों ने यहां ड्यूटी संभाली। तो साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया गया।

बुधवार को भी शिवरात्रि के अवसर पर दिनभर जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर मार्ग को जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर दो पहिया और तीन पहिया वाहनों को रोक दिया गया है। वहीं चारपहिया वाहन यहां पहले ही वर्जित थे। इसके साथ ही प्रमुख स्थानों पर बेरिकेडिंग करने के साथ ही ड्यूटी प्वाइंट भी लगा दिए गए हैं।

### भोले बाबा के भक्तों की लगी लंबी कतार, गूंजा जय भोले और हर-हर महादेव

करंट क्राइम : शहर के सबसे प्राचीन और मान्यता वाले दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में शिवरात्रि के जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में लोग और कांवड़िए जुटे। तो वहीं दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया है कि शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में भोले बाबा के भक्त जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में शहर के प्रतिष्ठित और गणमान्य लोग भी बाबा का आशीर्वाद देने के लिए पहुंचते हैं।

### कई मार्गों पर किया गया रूट डायवर्जन

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि शिवरात्रि पर पर जलाअभिषेक के दौरान रूट डॉयवजन किया गया है। चौधरी मोड़, रेलवे रोड, दिल्ली जूस कॉर्नर, गौशाला फाटक, हापुड़ रोड चौराहा, कैला भट्टा, मेरठ चौराहे की ओर से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर सभी वाहनों का आवागमन पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। वहीं चौधरी मोड़ से पटेल नगर फ्लाईओवर के मध्य सभी प्रकार के वाहनों को रोका जाएगा। वहीं लाल कुआं से सीमापुरी के मध्य ऑटो का संचालन भी इस दौरान रोक दिया गया है। यह डॉयवजन प्लान शिवरात्रि जलाभिषेक को लेकर 23 जुलाई दिन बुधवार को रात दस बजे तक जारी रहेगा।



### बनाई गई है तीन स्थानों पर अतिरिक्त पार्किंग स्थल

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान जलाभिषेक करने के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में जाम की स्थिति ना बने और सड़क पर वाहन न लगें, इसको ध्यान में रखते हुए हापुड़ चुंगी की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नवयुग मार्केट के पास मुख्य मार्ग में की गई है। तो वहीं लाल कुआं की ओर से आने वाले पार्किंग की व्यवस्था रामलीला मैदान घंटा घर में की गई है। विजयनगर गौशाला से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था चांदमारी मिलिट्री ग्राउंड के पास की गई है। इसके अतिरिक्त सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात पुलिस कर्मियों की डयूटी भी लगाई गई है।


# सावन में लग गई समाजवादियों के दिल में आग

## फैसल हुसैन पर दिए महानगर अध्यक्ष की अनदेखी के तीर दाग









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी में इन दिनों आंतरिक लोकतंत्र अलग ही ऊंचाईयां छू रहा है। अन्य दलों में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को पार्टी के नेता आसानी से निशाने पर नहीं लेते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी में लोकतंत्र आंधी आ रही है और यहां महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को पार्टी के नेता ही सोशल मीडिया पर निशाने पर लेते हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी में पहले ऐसी स्थिति नहीं रही है। राशिद मलिक जिलाध्यक्ष रहे हैं, राहुल चौधरी महानगर अध्यक्ष रहे हैं, संजय यादव महानगर अध्यक्ष रहे हैं, लेकिन जिस तरह से अब अध्यक्षों को सोशल मीडिया पर घेरा जा रहा है पहले ऐसा नहीं था। यहां पर तारीफ सपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव की भी करनी होगी कि वो तमाम आलोचना के बाद भी कभी धैर्य नहीं खोते। वो कभी अनुशासनहीनता वाला कोई काम नहीं करते।

किस्सा मुरादनगर के उस शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा का है जिस कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश यादव पहुंचे थे, सपा नेता अभिषेक गर्ग पहुंचे थे, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन पहुंचे थे और महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव भी थे। अब गलती से मिस्टेक हुई या जो भी हुआ मगर जब यह कार्यक्रम सपा के ऑफिशियल पेज पर चार-पांच फोटो के साथ अपलोड हुआ तो समाजवादियों के दिल में सावन में आग लग गई। ये सभी फोटो और नाम सपा के ऑफिशियल पेज पर सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी द्वारा अपलोड किये गये, लेकिन यहां सपा के दिनेश गुर्जर ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन को निशाने पर ले लिया और प्रैसनोट में महानगर अध्यक्ष का नाम ना होने को उन्होंने महानगर अध्यक्ष के अपमान से जोड़ा। कई शब्द लिखे और ये भी लिख दिया कि फैसल हुसैन पहले भी ऐसा कर चुके हैं। यहां पर किसी रिकॉर्डिंग का भी जिक्र दिनेश गुर्जर ने किया और ना लिखकर तीन बार श्री, श्री, श्री लिखा और कहा कि उनकी भी रिकॉर्डिंग है। बहरहाल सावन के महीने में समाजवादी एकत्र तो हुए थे कांविड़यों पर फूल बरसाने के लिये, लेकिन यहां समाजवादियों ने ही तूल दे दिया महानगर अध्यक्ष का नाम प्रैसनोट में आने को। जिलाध्यक्ष को ही निशाने पर ले लिया।

### श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास पहुंचे। कुमार विश्वास ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के पुत्र गिरीश त्यागी और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को शोक सांत्वना भी प्रकट की।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी इस मुलाकात के दौरान अपनी विधानसभा साहिबाबाद से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को रखा। इस मुलाकात में कई अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

# एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने किया मोहन नगर का निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को डाक कांवड़ बढ़ गई, तो पैदल कांवड़ लेकर लौटने वालों की संख्या भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिली है। आज बुधवार को शिवरात्रि का महा जलाभिषेक है, ऐसे में मंगलवार को एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने मोहन नगर, दूधेश्वरनाथ मंदिर और मेरठ रोड तिराहे का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को शांतिपूर्वक एवं कुशलता के साथ कांवड़ यात्रा संपर्क कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे के जरिए भी तीनों जोन की निगरानी की। वहीं डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने मुरादनगर, मोदीनगर, मसूरी गंग नहर, छोटा हरिद्वार सहित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को तत्परता से ड्यूटी करने का निर्देश दिया।



### एसीपी इंदिरापुरम ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा



करंट क्राइम : मंगलवार को कांवड़ लेकर लौट रहे शिव भक्तों पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के सदस्यों के साथ कनवानी पुलिया, वैशाली, वसुंधरा और कौशांबी इलाके में पुष्प वर्षा की और कांवड़ियों की यात्रा को कुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने की कामना की।

# आज जलाभिषेक : तड़के 4:41 बजे से रात 2:30 मिनट तक चढ़ाया जाएगा जल

**नई दिल्ली।** सावन माह की शिवभक्ति अपनी पराकाष्ठा पर है। कांवड़ यात्रा 2025 में हरिद्वार से लेकर शिवालयों तक आस्था का समंदर उमड़ रहा है। आज सावन के सोमवार को लाखों शिवभक्त बाबा भोलेनाथ को पवित्र गंगाजल अर्पित करेंगे। शहर के शिवालयों में मंगलवार सुबह 7:06 बजे से त्रयोदशी का जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। विभिन्न पंचागों के अनुसार त्रयोदशी तिथि सुबह 7:06 बजे से बुधवार तड़के 4:40 बजे तक रहेगी। इसके बाद शिवरात्रि चतुर्दशी का जलाभिषेक बुधवार तड़के 4:41 बजे से रात 2:30 मिनट तक चढ़ाया जाएगा। बाबा औघड़नाथ सहित अन्य मंदिरों में जलाभिषेक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीसीटीवी से कांवड़ियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। आगमन और निकास स्थल के पास बैरिकेडिंग की गई है।



मोदीपुरम से दिल्ली रोड, गढ़ रोड, हापुड़ रोड पर सैकड़ों कावड़ियों की टोलियां डेरा डाले हुए हैं। पूरा शहर बोल बम के जयकारों से गूंज रहा है। रात दिन डीजे पर भगवान शिव के गीतों पर श्रद्धालु झूम रहे हैं। कांवड़ियों में बच्चों और बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं। बहुत से लोग पूरे परिवार के साथ कांवड़ ला रहे हैं। शहर में कांवड़ सेवा शिविरों के अलावा स्थानीय लोग भी अपनी क्षमता अनुसार सेवा कार्य कर रहा है। अपनी यात्रा पूरी करते ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए उमड़ेंगे।

**सावन माह की शिवभक्ति अपनी पराकाष्ठा पर है**



**सोमवार को शिवालयों में हुआ जलाभिषेक :** बाबा औघड़नाथ मंदिर सहित शहर के शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक किए गए। सुबह से ही बाबा औघड़नाथ मंदिर में जलाभिषेक शुरू हो गया। सुबह आठ बजे तक नैंसी चौराहे के पास तक भक्तों की कतारें लग गई। पुलिस ने नैंसी चौराहा, दर्शन एकेडमी और मुख बधिर विद्यालय से आगे चारपहिया वाहनों को नहीं आने दिया। मंदिर समिति अध्यक्ष सतीश सिंघल ने बताया कि पुलिसकर्मी मंदिर समिति के साथ समन्वय नहीं कर रहे हैं। बुजुर्गों को मंदिर में पहुंचने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**बाबा औघड़नाथ सहित अन्य मंदिरों में सभी तैयारियां हुईं पूरी**



**आज देर रात शहर में पहुंचेंगे छह बड़े डीजे कांवड़ :** सोमवार देर रात मोदीपुरम टोल प्लाजा पर छह बड़े डीजे कांवड़ पहुंचेंगे। अभिषेक ने बताया कि झारखंड का पंकज डीजे सदर की टीम ला रही है। कोलकात का पॉवर डीजे ब्रह्मपुरी के युवकों द्वारा लाया गया है।

नूर नगर मेरठ का चपराना डीजे कैलाशपुरी के युवक लाए हैं। मुजफ्फरनगर का कर्णवाल डीजे मुजफ्फरनगर और सदर की टीमें लाई हैं। इसके अलावा बुलंदशहर का चौधरी डीजे लालकुर्ती के युवकों द्वारा लाया गया है। नूर नगर का धड़कन डीजे खरखौदा की टीम लाई है।

# हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही

## विपक्ष का एसआईआर पर हल्लाबोल, सरकार का पलटवार

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के चलते मंगलवार को पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्ष की मुख्य मांग थी बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जाए और इसे वापस लिया जाए। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद बार-बार स्थगित होने के कारण सोमवार को सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी थी।

### लोकसभा में आज क्या-क्या हुआ?

मंगलवार के दिन लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही सुबह 11 बजे शुरू हुई, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वे बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भी बहस चाहते थे। इस दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वे अपनी सीटों पर लौटें ताकि किसानों से जुड़े सवालों पर चर्चा की जा सके। स्पीकर ओम बिरला ने भी विरोध कर रहे सांसदों से अनुरोध किया कि वे नारेबाजी और तख्तियां दिखाना बंद करें क्योंकि इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। लेकिन हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### दोपहर 12 बजे और दो बजे भी विपक्ष का हंगामा

दोपहर 12 बजे जब सदन फिर से शुरू हुआ तो स्थिति वैसी ही रही। इस बार बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल पीठासीन अधिकारी के रूप में थे। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे अपने मुद्दे लिखित रूप में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में रखें। लेकिन हंगामा बढ़ता गया और कार्यवाही दोपहर दो बजे तक फिर स्थगित करनी पड़ी। जब दोपहर दो बजे सदन दोबारा चला, तो दिलीप सैकिया पीठासीन अधिकारी थे। उन्होंने भी विपक्ष से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और नारेबाजी जारी रही।





**सरकार ने विपक्ष के रवैये की निंदा की**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा, 'एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं। यह दोहरा मापदंड है।' उन्होंने कहा कि सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। सरकार की ओर से कहा गया कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है।

**राज्यसभा में भी विपक्ष का एसआईआर को लेकर हंगामा :** लोकसभा के साथ-साथ विपक्ष की तरफ से राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया गया।

इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जमकर हंगामा किया। जिसकी वजह से आज पूरे दिन राज्यसभा में कोई भी काम नहीं हो सका। जैसे ही सदन की कार्यवाही सुबह शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य बिहार में एसआईआर, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चर्चा की मांग कर रहे थे।

### 'विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी', एसआईआर के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर बीजेपी हमलावर

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों समेत विदेशी लोगों को चुनाव में वोट देने का अधिकार मिल सके। बता दें कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और तख्तियां लहराकर लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करने पर मजबूर कर दिया।

# गोविंदपुरम-मसूरी रोड पर सफेदे का पेड़ बना हादसे की वजह, ऑटो सवार कई लोग घायल

## वन विभाग ने शिकायत के बाद भी नहीं लिया गया था संज्ञान, इसीलिए हुआ हादसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को गोविंदपुरम कमर्शियल एरिया के निकट मसूरी मुख्य मार्ग पर सफेदे का पेड़ बारिश के दौरान टूटकर गिर गया। टूट पेड़ मार्ग से जा रहे एक ऑटो पर गिरा, जिससे ऑटो में सवार कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में उनको पास के अस्पताल ले जाया गया। तो इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और लोगों में डर की स्थिति पैदा हो गई। स्थानीय निवासियों ने जानकारी दी है कि कमर्शियल मार्केट ए- ब्लॉक में कुछ दिनों पहले स्थानीय लोगों द्वारा संजय नगर स्थित वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को यहां से सफेदे के पेड़ शिफ्ट करने का पत्र दिया गया था। उनसे मांग की गई थी कि इन सफदों के बड़े-बड़े पेड़ होने की वजह से कभी भी हादसा हो सकता है। यह सड़क एवं बिल्डिंग पर गिर सकते हैं। बावजूद इसके वन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और मंगलवार को यह हादसा हो गया। जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि गनीमत रही की कोई भी घायल गंभीर और सीरियस नहीं हुआ वरना स्थिति बिगड़ भी सकती थी।

### अभी भी दर्जनों पेड़ हैं झुके हुए, कभी भी घट सकती है गंभीर दुर्घटना





### मार्ग पर अभी दर्जनों पेड़ झुके हुए हैं मौजूद

**करंट क्राइम :** सफेदे के पेड़ से सड़क हादसा होने के बाद देखा गया है कि गोविंदपुरम मसूरी मार्ग पर सड़क के दोनों और दर्जनों बड़े-बड़े सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। इन सफेदों के पेड़ में अधिकांश पुराने और बड़े होने की वजह से वजन के कारण एक तरफ झुक गए हैं। जिसके चलते कभी भी आंधी-तूफान और तेज बारिश होने पर खतरा बना रहता है कि उनके गिरने से कोई दर्दनाक एवं गंभीर हादसा ना हो जाए। वन विभाग को मंगलवार को हुए हादसे के बाद अलर्ट होना चाहिए और यहां से इन पेड़ों के हटाने एवं उनकी छंटाई या सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर कदम उठाना चाहिए। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वह इस मामले में कई बार वन विभाग के अधिकारियों को टेलीफोन पर भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

--------------------

### क्या वन विभाग कर रहा है किसी जानलेवा हादसे का इंतजार

**करंट क्राइम :** मुख्य मार्ग पर दर्जनों की संख्या में सफेदे के बड़े-बड़े ऊंचे पेड़ लगे हुए हैं। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। इस मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों का संचालन होता है। तो लोग अक्सर यहां से निकलते रहते हैं, ऐसे में कभी भी कोई हादसा होने पर स्थित दर्दनाक और गंभीर बन सकती है। वन विभाग के अधिकारियों को इस ओर संज्ञा लेना चाहिए और पुराने व बड़े पेड़ों को यहां से कहीं शिफ्ट किया जाए या उनकी छटंनी एवं सुरक्षा के मानकों का पालन किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का हादसा न होने पाए।

# बोइंग ने भारत को तीन अपाचे हेलिकॉप्टर सौंपे

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे भारतीय वायुसेना की ताकत में इजाफा करेगा। बोइंग कंपनी द्वारा निर्मित अपाचे हेलीकॉप्टर भारत आ गए हैं। भारतीय सेना ने बताया कि अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर की डिलीवरी हो गई है। भारतीय सेना इन हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात करेगी।

हालांकि, यह आपूर्ति करीब 15 महीने की देरी के बाद की गई है। अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी रक्षा दिग्गज कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित यह हेलीकॉप्टर आधुनिक संचार, नेविगेशन, सेंसर और हथियार प्रणाली से लैस है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है।

### अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टर




साथ ही पायलटों को दिन और रात दोनों स्थितियों में लक्ष्यों की पहचान करने और उन पर हमला करने में मदद करता है। इसके जरिये बारिश, धूल या कोहरे के कारण खराब दृश्यता में भी हमला किया जा सकता है। बोइंग के मुताबिक अपाचे 21 हजार फीट की ऊंचाई तक 280 किमी प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इसमें 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर मिसाइल छोड़ने की क्षमता है। इसमें 30 मिलीमीटर की दो गन हैं, जिनमें एक बार में 1,200 गोलियां भरी जाती हैं। अपाचे में 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर और स्ट्रिंगर मिसाइल लगी होती हैं। हेलफायर मिसाइल किसी भी आर्मर्ड व्हीकल जैसे टैंक, तोप, बीएमपी वाहनों को पल भर में उड़ा सकती है।

भारत ने 2015 के एक समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे थे। इसके बाद फरवरी 2020 में भारत ने बोइंग से 60 करोड़ डॉलर के सौदे में छह अल्ह-64ए अपाचे की खरीद को मंजूरी दी थी।

# दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान : ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले को अब मिलेंगे सात करोड़ रुपये, नौकरी भी दी जाएगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी है कि ओलंपिक में जीतने वाले विजेताओं को सरकार की ओर से कैश रिवॉर्ड को बढ़ा दिया गया है।

प्रेस वार्ता में मंत्री आशीष सूद ने बताया कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने वाल खिलाड़ी को सात करोड़ रुपये, सिल्वर मेडल जीतने वालों को पांच करोड़ रुपये और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

आगे कहा कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वालों को ग्रुप ए की नौकरी और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को ग्रुप बी की नौकरी दिल्ली सरकार की ओर से दी जाएगी।

जानकारी के लिए बता दें पहले दिल्ली सरकार की ओर से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़, दो करोड़ और एक करोड़ रुपये दिए जाते थे। लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में प्रोत्साहन राशि को बढ़ा दिया गया है।

# धनखड़ के इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में नीतीश कुमार का भी नाम!



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भारत के उप राष्ट्रपति बनने वाले हैं- यह बात पहली बार बिहार में नहीं उठी है। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के बाद जब जनता दल यूनाईटेड तीसरे नंबर की पार्टी बनी तो सबसे पहले यह बात उठी थी कि अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में यह कुर्सी संभालेंगे। वह बात आई, गई, हो गई।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह से इस्तीफा हुआ और अभी जो बिहार चुनाव की गरमी है, उसमें यह बात फिर तेजी से उठ रही है कि नीतीश कुमार भारत के उप राष्ट्रपति बनने वाले हैं। लेकिन! हां, इसमें लेकिन, किंतु, परंतु... सब लगा हुआ है। क्योंकि भी। आइए, समझते हैं कि नीतीश कुमार को लेकर क्या माहौल है और क्या संभव-असंभव है?

जैसे ही उप राष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे की खबर आई, बिहार के राजनीतिक दलों के बीच यह चर्चा-ए-आम हो गया। बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र नहीं चल रहा होता तो हर दल अलग-अलग जगह खिचड़ी भी पकाते। लेकिन, चूंकि सत्र चल रहा है और उसमें विपक्ष के हंगामे के बीच सत्ता के लगभग सभी विधायक मौजूद हैं तो चर्चा बिहार विधानमंडल के पोर्टिको के आसपास ही मंडरा रही है। विपक्ष से पूछिए, तो जवाब मिलता है कि कोई आश्चर्य नहीं कि नीतीश कुमार को फाइनली किनारे लगाने के लिए यह हो रहा हो। सत्ता पक्ष से पूछिए तो जवाब मिल रहा है कि अभी ऐसी कोई बात नहीं, लेकिन बिहार से किसी को भी उप राष्ट्रपति बनाया जाता है तो खुशी ही होगी।

# दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश, मौसम हुआ सुहाना



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में सावन माह में मानसून पूरी तरह से मेहरबान नजर आ रहा है। सोमवार के बाद आज मंगलवार को भी सुबह से बादल छाए रहे और इसके बाद बारिश शुरू हो गई। दिल्ली समेत नोएडा, गाजियबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद में जमकर बारिश हो रही है।

दिल्ली के धौला कुआं और गुरुग्राम में अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते लोगों को बड़ी राहत मिली। इस वक्त दिल्ली एनसीआर में कांवड़ यात्रा चल रही है। बारिश की वजह से शिवभक्तों को भी बड़ी राहत मिली। बता दें कि गाजियाबाद के गुलधर रैपिड स्टेशन के पास तेज बारिश हो रही है।

बीते सोमवार को सुबह से बादल छाए रहे। शाम को जमकर बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सोमवार शाम 5:30 बजे तक रिज में 29.6, लोधी रोड और पालम में बारिश दर्ज की गई।

# छांगुर गैंग ने हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कर खाड़ी देशों में भेजा, तलाश में भटक रहे परिजन

**लखनऊ।** छांगुर के गैंग ने दस बीस नहीं डेढ़ सौ से ज्यादा मासूम हिंदू लड़कियों को लव जेहाद, धमकी व अन्य चालबाजियों के जरिए इस्लाम में धर्मांतरित किया और उन्हें खाड़ी देशों में भेजा। राज्य के अलग-अलग जिलों से आए पीड़ितों और उनके परिजनों ने मंगलवार को लखनऊ में प्रेसवार्ता के जरिए छांगुर गैंग पर ये आरोप लगाया।

कई पीड़ित और परिजन अपनी बहन-बेटियों के गायब होने के प्रमाण और दस्तावेज लेकर प्रेसवार्ता में पहुंचे थे। धर्म और जेहाद की आड़ में छांगुर और उसके गुर्गों की काली करतूतें धीरे-धीरे अब सामने आ रही हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के दफ्तर में आयोजित प्रेस वार्ता में तमाम ऐसे पीड़ितों और उनके परिजनों ने अपनी आपबीती सुनाई जिनकी बहन या बेटी धर्मांतरण के बाद या तो गायब कर दी गई या खाड़ी देशों में भेज दी गई।



**छांगुर गिरोह ने बेटी को किया गायब, मां हुई विक्षिप्त :** गाजियाबाद से सत्तर साल के बुजुर्ग आजाद सिंह चौधरी न्याय की उम्मीद में राजधानी आए हैं। उनकी बेटी बीए सेकंड ईयर की छात्रा थी। बीते 2 अप्रैल से घर से अचानक गायब हो गई। रोते हुए उन्होंने बताया कि गायब होने के दो माह पहले से ही वह छांगुर गिरोह के संपर्क में थी और मजार जाने लगी थी। किसी ने बताया कि ब्रेनवाश कर उसको मुसलमान बना दिया गया। उसका निकाह भी करा दिया गया है। बहुत तलाशा, पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई, कहीं कुछ पता नहीं चला।

मां विक्षिप्त हो गई है। नींद से जाग कर, जब तब बेटी को पुकारती हैं। तनाव से मां की किडनी भी खराब हो गई। अपनी व्यथा बताते हुए बात-बात में बुजुर्ग आजाद की आंखें भर आ रही थीं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## क्या आ सकता है मिनट्स वाली क्रांति में डिसिप्लिन वाला ट्विस्ट भगवा हाईकमान ने मांग ली क्या धरना देने वाले पार्षदों की लिस्ट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में पूरा बहुमत भाजपा का है। 100 में से 75 पार्षद भाजपा के, मेयर भाजपा की और प्रदेश में सरकार भाजपा की। फिर ऐसा क्या हुआ कि भाजपा की सरकार में भाजपा के पार्षद धरने पर बैठ गए।

सरकार वाले दल के पार्षदों को अगर धरने पर बैठना पड़ा तो इसका संदेश सीधा-सीधा यही जाता है कि सरकार के पार्षद सरकार के कामकाज खुश नहीं हैं। नगर निगम में हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के विरोध में पहला मोर्चा ही भाजपा से खुला। भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षदों ने पहले प्रैसकांफ्रेंस की फिर मेयर और महानगर अध्यक्ष को लेटर लिखा और उसके बाद वो मामले को हाईकोर्ट ले गए।

यहां तक कह दिया कि जनता माफ नहीं करेगी और दूसरी तरफ भाजपा के ही मौजूदा पार्षदों ने इस पूरे मामले को लेकर पहले अपनी बैठक की फिर नगर निगम में आकर बैठक की और फिर उन्होंने विशेष बैठक बुलाने की मांग कर दी। विशेष बैठक हुई तो निगम के सदन में भाजपा के ही पार्षदों ने मोर्चा खोला और फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव निरस्त हो गया। खुद मेयर ने इसकी घोषणा सदन में की। अगला मोर्चा तब खुला जब पार्षदों ने बैठक के मिनट्स की मांग की। इस बार मोर्चा नदिया पार से खुला और उनके साथ इस पार वाले पार्षद भी आए और मिनट्स को लेकर पहले आश्वासन हुए और बाद में अल्टीमेटम की नौबत आई और फिर भाजपा के ही पार्षद धरने पर बैठ गए। भाजपा के पार्षदों को विपक्ष के पार्षदों ने वैक्यूम किया और फिर ये धरना भाजपा का धरना दिखाई देने लगा। भाजपा के पार्षरद मिनट्स की मांग कर रहे थे, लेकिन इस धरने की एक बड़ी खूबी ये रही कि पार्टी के जनप्रतिनिधि इस धरने से दूरी बना गए। संगठन के पदाधिकारियों ने इससे दूरी बनाई। बताया जाता है कि भाजपा की एक लॉबी इस पूरे धरने को दूसरे चश्मे से देख रही है। उनका ये कहना है कि पार्षदों को अपनी ही सरकार में इस तरह से धरने पर नहीं बैठना चाहिए था, इससे जनमानस में गलत संदेश जाता है और पार्षदों ने पार्टी प्रोटोकॉल का भी उल्लंघन किया है। वहीं संगठन की बात करें तो जब पार्षद धरने पर बैठे तो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का कोई बयान इस मामले को लेकर नहीं आया। जबकि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव निरस्त होने के बाद पार्षदों ने उन्हें भी बधाई दी थी और उन्होंने भी पार्षदों की बधाई स्वीकार की, लेकिन इस बार मयंक गोयल धरने से दूर रहे। भाजपा के जो जनप्रतिनिधि सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक अजीतपाल त्यागी इस पूरे धरने से दूर रहे। भले ही किसी का पर्दे के पीछे कोई रोल रहा हो, लेकिन फ्रंट पर आकर कोई कुछ नहीं बोला। यहां तक की मेयर सुनीता दयाल भी इस धरने से दूर रहीं। सूत्र बताते हैं कि ये पूरा मामला भाजपा हाईकमान तक पहुंचा है और भाजपा हाईकमान ने इस पूरे मामले को पार्टी विरुद्ध माना है। बताया जाता है कि पार्टी हाईकमान ने नगर निगम में धरना देने वाले पार्षदों की लिस्ट मांगी है। कहानी में ट्विस्ट आ सकता है।

वहीं सूत्र बताते हैं कि धरना देने वाले पार्षद भी इस मामले में बैकफुट पर आने को तैयार नहीं। वो बता रहे हैं कि लिस्ट की क्या जरूरत है और कौन इस लिस्ट को तैयार करेगा। उनका कहना है कि ये वार्ड का मामला है और जितने भी पार्षद धरने पर बैठे वो सब फोटो में भी हैं और उनके नाम प्रैसनोटों में भी है। वो लिस्ट बना लें और हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात को कहना जारी रखेंगे।

## मिनट्स वाली पार्षद वॉर में क्या टल गया निगम कार्यकारिणी चुनाव




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में इन दिनों पार्षद क्रांति का माहौल चल रहा है। इस पार से लेकर उस पार तक पार्षदों की अधिकारियों के फैसले पर तकरार चल रही है। वो मोर्चा खोल रहे हैं और धरने पर बैठे। अब धरना तो समाप्त हो गया, लेकिन ये सवाल नगर निगम में उठ रहा है कि क्या पार्षदों की मिनट्स वाली वॉर में निगम कार्यकारिणी का चुनाव टल गया है। क्या मिनट्स को लेकर शुरू हुई वॉर के साइड इफैक्ट निगम की कार्यकारिणी चुनाव में दिखाई देंगे। क्या निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव टल गया है। सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी चुनाव अनिश्चितकाल के लिये भी टल सकता है। निगम सूत्र बता रहे हैं कि जब पार्षद नगर निगम में ही धरने पर बैठ गए तो पार्षदों के इस फैसले से मेयर सुनीता दयाल नाराज हैं। उनका ये मानना था कि वो नगर निगम के सदन की मुखिया हैं और भाजपा पार्षद दल की नेता भी हैं लिहाजा धरने पर बैठने से पहले पार्षदों को उनसे सलाह लेनी चाहिए थी। मगर पार्षदों ने कोई सलाह नहीं ली। वहीं दूसरी तरफ पार्षद भी मेयर से नाराज हैं। उनका ये कहना है कि वो अपने वार्ड में जनता की नाराजगी झेल रहे हैं, निगम एक्ट का हवाला दे रहे हैं और जब वो नियम वाली लड़ाई लड़ रहे हैं तो मेयर ने उनका साथ नहीं दिया। वहीं एक तीसरा खेमा ये मानकर चल रहा है कि यहां समस्या मुद्दा नहीं बल्कि कम्यूनिकेशन गैप रहा है। संवाद कायम होता तो ये विवाद ही नहीं होता। वहीं दूसरी तरफ धरने के इस पूरे केंद्र में मेयर गायब है और नगर आयुक्त केंद्र बिंदू में रहे। पहले दिन धरना हुआ तो नगर आयुक्त पहुंचे, दूसरे दिन धरने से गुजरते हुए नगर आयुक्त की तरफ से हाय-हैलो हुई और मेयर का कोई संवाद इस दौरान कायम नहीं हुआ। यहां तक की नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता भी शहर विधायक संजीव शर्मा ने की। अब ये माना जा रहा है कि नगर निगम में मिनट्स वाली लड़ाई का सीधा इफैक्ट नगर निगम के कार्यकारिणी चुनाव पर पड़ेगा। क्योंकि कार्यकारिणी चुनाव को लेकर तैयारी चल रही थी। निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर मेयर सुनीता दयाल और भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के बीच बैठक हो चुकी थी। नाम फाइल होने थे, इसी बीच निगम बैठक के मिनट्स को लेकर मोर्चा खुल गया और पार्षद एकता का नारा बुलंद हो गया। अब 25 जुलाई को जब मिनट्स बुक पर मेयर के हस्ताक्षर होंगे, लेकिन सवाल ये है कि उससे आगे क्या होगा। क्योंकि उसके साइडइफैक्ट निगम कार्यकारिणी चुनाव पर पड़ेंगे। सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। भले ही मेयर और महानगर अध्यक्ष के बीच बैठक हो चुकी है, लेकिन यहां कई चेहरे ऐसे भी हैं जो निगम कार्यकारिणी में आने के लिये वाया सांसद और विधायक प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में ये माना जा रहा है कि मिनट्स अब भले ही घंटों में प्राप्त हो जाए लेकिन चुनाव में अब हफ्तों और महीनों का समय लग सकता है।

निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाली दावेदारी पर भी इसका फर्क पड़ेगा। क्योंकि मिनट्स बुक पर साइन होने के बाद भी अगर संगठन की ओर से अनुशासन हीनता वाले नोटिस आ गए तो फिर कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ जाएगा। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर अब ज्यादा फोकस होगा और फिलहाल मिनट्स वाली रार में निगम कार्यकारिणी का चुनाव टल गया है।

## बोल बम...बम-बम से गूंज रहा शहर, शिवमय हुआ नगर निगम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा महोत्सव के दौरान बोल बम, बम बम से गाजियाबाद गूंज रहा है वहीं देखने में आ रहा है। गाजियाबाद नगर निगम भी शिवमय हो रहा है, अधिकारियों से लेकर निगम कर्मचारी तक सभी ड्यूटी निभाने के साथ-साथ भोले की सेवा में लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में कांवड़ यात्रियों हेतु व्यवस्था को बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी गण तथा अधिकारी गण लगे हुए हैं, बैरिकेडिंग की व्यवस्था को निर्माण विभाग बीच-बीच में मजबूत कर रहा है तथा जलकल विभाग 24 घंटे जलापूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है। साफ सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग कांवड़ शिविरों मंदिरों के बाहर भी व्यवस्था में लगा हुआ है कांवड़ रूट पर भी लगातार सफाई जारी है

शेष, पृष्ठ 6





## कांवड़ यात्रा पुलिस स्पेशल



## पुलिस में भर दिया कांवड़ियों ने जोश, जब ईस्टर्न पेरीफेरल पर लगे यूपी पुलिस और योगी बाबा के नारे

**- गाजियाबाद पुलिस भी हुई तारीफ से गद्गद**

**- मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार की फल वितरित करने वाली वीडियो हुई वायरल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों और शिव भक्त ईस्टर्न पेरिफेरल-वे अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इस दौरान मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार पुलिस कर्मियों के साथ शिव भक्तों को फल वितरित करने का काम कर रहे थे। इसी बीच हरियाणा की ओर जा रही एक विशाल डाक कांवड़ में सवार कांवड़ियों ने यूपी पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए जिंदाबाद के नारे लगाए। यूपी पुलिस की शान में जब नारे लग रहे थे, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिसकर्मी भी उत्साहित और जोश में नजर आए। वो यह सीन देखकर खुश हो रहे थे और पुलिसकर्मी इस सीन को देखने के बाद शिव भक्तों की सेवा में जुटे खाकी वाले और ज्यादा जोश के साथ कांवड़ियों की सेवा में जुट गए।

### भोलों ने लगाए योगी और यूपी पुलिस जिंदाबाद के नारे

करंट क्राइम : मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार अपनी टीम के साथ ईस्टर्न पेरिफेरल-वे पर कांवड़ियों को केले वितरित कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा को गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों ने यूपी पुलिस और योगी जी जिंदाबाद के नारे लगाए। जिसे देखकर पुलिसकर्मी भी उत्साहित नजर आए और यह पल वीडियो में कैद हो गए, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## बारिश में भीगते हुए भी छतरी लेकर कांवड़ियों की सेवा में जुटी रही गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी

**सूत्र बताते हैं कि पुलिस विभाग को ये छाते उपलब्ध कराने में समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहने वाले समाजसेवी एवं भाजपा नेता अजय गुप्ता की अहम भूमिका रही है।**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। तो वहीं मंगलवार को कई घंटे लगातार बारिश होने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मी भीगते हुए, तो कहीं छतरी का सहारा लेकर ड्यूटी करते हुए नजर आए। इस दौरान एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी और ट्रैफिक निरीक्षकों से लेकर अन्य पुलिसकर्मी भी अपनी ड्यूटी को देते रहे। कई मुख्य कांवड़ मार्गों पर प्रमुख रूट जहां राज चौपला, आईटीएस प्वाइंट, एएलटी चौराहा, घूकना मोड़, मेरठ रोड तिराहा यूटर्न, हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन यू- टर्न, मोक्षधाम कनवानी कट ,मोहन नगर और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिसकर्मी छतरी लेकर ड्यूटी करते देखे गए। सूत्र बताते हैं कि पुलिस विभाग को ये छाते उपलब्ध कराने में समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहने वाले समाजसेवी एवं भाजपा नेता अजय गुप्ता की अहम भूमिका रही है। राजनगर एक्सटेंशन फ्लाईओवर के नीचे उनकी ओर से कांवड़ शिविर भी संचालित किया गया था जिसकी चिकित्सा से लेकर खानपान की तमाम जरूरी सुविधाएं कांवड़ियों को उपलब्ध कराई गई हैं।

### खूब काम आई वितरित की गई छतरियां

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा 2025 को सुगम एवं सुरक्षित संचालित करने के लिए पुलिस कर्मियों को बड़ी संख्या में रेनकोट, रेनबूट और रेनहैट वितरित किए गए थे ताकि वह बारिश के दौरान भी अपनी ड्यूटी को निभा सके और पुलिसकर्मियों ने इस काम को बखूबी अंजाम भी दिया है। कुल मिलाकर इस बार ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई है।

## जब पुलिस ने 15 मिनट में खोज लिया गुम हुआ भोला मिसिंग ग्रुप की वजह से पुलिस को मिली सफलता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार की देर रात सिहानी गेट थानाक्षेत्र में एक भोला जो दिल्ली की ओर जा रहा था वह अचानक खो गया। उसके साथ चल रहे साथियों ने एएलटी कट पर मौजूद पुलिस कर्मियों को भोले के गुम होने की सूचना दी। तत्काल मौके पर मौजूद उप निरीक्षक द्वारा मिसिंग हुए भोले की फोटो, नाम, नंबर को पिलर संख्या 610 के साथ अपने ग्रुप पर शेयर किया गया।

जिसके कुछ देर बाद ही अन्य भोलो, पुलिसकर्मियों और वहां जुटे स्वयंसेवकों द्वारा उसे खोज निकाला गया और उसके भाई को सपोर्ट किया गया। इस दौरान भोलो ने गाजियाबाद पुलिस और सिहानी गेट पुलिस के मौजूद निरीक्षक प्रताप सिंह और उप निरीक्षक को धन्यवाद दिया और जय भोले का नारा भी लगाया।

### तकनीक और तालमेल से 15 मिनट में खोजा गया गुमशुदा भोला

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़ियां आते हैं। कोई अपना मार्ग भटक जाता है, तो कोई अपनों से आगे बढ़ जाता है। ऐसे में भक्तों को मिलाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अपने व्हाट्सएप थाना ग्रुप में मिस होने वाले लोगों की सूचना डाली जाती है। जिसके बाद कुछ ही देर में अन्य पुलिसकर्मी और आगे ड्यूटी पर तैनात लोग उन्हें देखने का काम करते हैं। इसी का नतीजा है की तकनीक और तालमेल के चलते सोमवार की रात एक भोले को जो कुछ देर के लिए मिस हुआ था, उसे पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन थाना सिहानी गेट पुलिस ने 15 मिनट में खोज कर साथियों को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस को जमकर तारीफ भी मिली है।

## समय से पहले रूट डायवर्जन का प्लान आया काम पुलिस-प्रशासन को कांवड़ यात्रा में नहीं होना पड़ा परेशान



**- मंगलवार को कई स्थानों पर यातायात रहा सामान्य**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार यातायात पुलिस और अधिकारियों के निर्देश के बाद मार्ग वन-वे समय से पहले कर दिया गया था।

इसका फायदा यह रहा की शुरूआती दिनों में परेशानी होने के बाद यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यातायात व्यवस्था को सड़क पर रहकर बखूबी संभाला और प्रतिदिन जाम से होने वाली परेशानी इस बार कम रही है। हालांकि मंगलवार को मोहन नगर और मेरठ रोड तिराहे से लेकर राजनगर एक्सटेंशन में वाहनों का दबाव और कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर जाम की स्थिति देखने को मिली लेकिन अधिकारियों ने बारिश के दौरान भी ड्यूटी देकर उसे आसान बनाने का काम किया।

### सिविल डिफेंस की रही महत्वपूर्ण ड्यूटी



करंट क्राइम : सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में हर साल कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जहां तीन कांवड़ कंट्रोल स्थाई रूम बनाए जाते हैं। तो वहीं मेरठ रोड तिराहे पर संचालित होने वाले मुख्य कंट्रोल कांवड़ रूम और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट का प्लान यहीं से संचालित होता है। हर साल की तरह इस साल भी सिविल डिफेंस के 700 से अधिक वॉलिंटियर्स और डिजिटल वालंटियर फोर्स के स्वयंसेवकों ने ट्रैफिक पुलिस से लेकर सिविल पुलिस के साथ कंधे से कंधे मिलाकर ड्यूटी दी। जिसके चलते कांवड़ यात्रा और ट्रैफिक से लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर देखने को मिली।

### शुरुआती हादसों के बाद नहीं हुआ कहीं बवाल



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान शुरूआत में मोदीनगर, मुरादनगर और मेरठ-मोदीनगर एंट्री प्वाइंट पर मारपीट एवं कांवड़ियों से वाहन टकराने के बाद हंगामा के मामले सामने आए लेकिन इसके बाद जब यातायात पुलिस और तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा फील्ड पर उतरकर कमान संभाली गई, तो इन हादसों, हंगामों और लापरवाहियों में भी कमी देखने को मिली। जिसकी वजह से कांवड़ यात्रा लगभग शांतिपूर्वक समाप्त हो पाई है।



"कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम और अधिकारियों द्वारा अपने मोबाइल फोन पर लाइव फीड देखकर कांवड़ यात्रा की कमान संभाली गई।

जे रविंदर गौड़,

## संपादकीय

# मानसून सत्र मूसलाधार!

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान 21 बैठकें तय की गई हैं। सरकार ने 17 विधेयक पेश और पारित करने हैं। हालांकि उनमें से कोई भी विवादास्पद नहीं लगता। क्या संसद का मानसून सत्र सुचारू रूप से चल पाएगा, बहस और विमर्श के जो मुद्दे और विषय हैं, क्या उन पर हंगामा नहीं होगा? संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होगी और बार-बार सदन स्थगित करने की नौबत नहीं आएगी? ये कुछ अहम सवाल हैं, जो संसद के प्रत्येक सत्र से पहले उठाए जाते रहे हैं। दरअसल ये सवाल अनिवार्य हो गए हैं, क्योंकि यह परंपरा बन चुकी है कि संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी करनी ही है। इस संदर्भ में आज का विपक्ष अरुण जेतली और सुषमा स्वराज के पुराने बयानों को दोहराता रहता है। आज दोनों नेता दिवंगत हैं, लेकिन बयान देने के वक्त वे प्रतिपक्ष के नेता थे। सदन में लगातार हंगामा कर, कई-कई दिनों तक, कार्यवाही को बाधित करना हम लोकतंत्र नहीं मानते। हालांकि विरोध करने का, स्वतंत्र अभिव्यक्ति का, संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिया है, लेकिन संसद के भीतर उसकी गलत व्याख्या की जाती रही है। सदन में हुड़दंग मचाना, अध्यक्ष के आसन तक आकर नारेबाजी करना, नियमों की किताब फाड़ देना, मेजों पर चढ़ कर नृत्य की मुद्राएं बनाना कमोबेश किसी संसदीय लोकतंत्र के प्रतीक-चिह्न नहीं हैं। संसद में विरोध जताने के निश्चित नियम हैं अथवा सांसद ह्यव्यवस्था का सवाल उठा कर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन बीते अतीत में भाजपा ने कई-कई दिनों तक संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी थी, लिहाजा आज का विपक्ष भी प्रतिरोध जताते हुए वैसा ही करेगा, यह तो भारत के सर्वोच्च, गरिमापूर्ण मंदिर की कोई संसदीय विरासत नहीं होनी चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा, विविध और सफल लोकतंत्र है, लिहाजा उसका गौरव और उसकी मयार्दा भी हमारे निर्वाचित सांसदों के हाथों में ही है। हमें यकीन है कि हमारे प्रतिपक्षी सांसद इन शब्दों को पढ़ कर सचेत और जागृत नहीं होंगे, क्योंकि हमारी राजनीति की बुनियाद और संचालन दकियानूसी और आलाकमानी है। इस बार भी कई मुद्दों पर विपक्ष के ढेरों सवाल हैं। सबसे अहम है-ऑपरेशन सिंदूर। पहलगाम नरसंहार, खुफिया तंत्र की नाकामी, गायब सुरक्षा-व्यवस्था, नतीजतन पाकिस्तान के साथ करीब 90 घंटे का युद्धनुमा संघर्ष, अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का संघर्ष-विराम कराने का बार-बार दावा आदि सवाल ह्यऑपरेशन सिंदूर से ही नत्थी हैं। भारत की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के 4-5 लड़ाकू विमान गिराए जाने वाला बयान भी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य तैयारियों से जुड़ा है। विपक्ष इन सवालों पर संसद में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य का आग्रह करता रहा है। प्रधानमंत्री 23-24 जुलाई को ब्रिटेन और 25-26 जुलाई को मालदीव के प्रवास पर हैं। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष को आशवस्त करने की कोशिश की है कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने और उसका माकूल जवाब देने को तैयार है।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 13 अंक टूटा, निफ्टी 25100 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 13.53 अंक गिरकर 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 29.80 अंक गिरकर 25,060.90 अंक पर आ गया।

मंगलवार को अस्थिर कारोबार के दौरान बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग अपरिवर्तित बंद हुए। क्विक कॉमर्स और निजी बैंकिंग शेयरों में बढ़त की भरपाई तेल एवं गैस और आईटी शेयरों में गिरावट से हो गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 13.53 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार में यह 337.83 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 82,538.17 पर पहुँचा था, लेकिन बाद में इसकी गति धीमी पड़ गई। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 29.80 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 25,060.90 पर बंद हुआ।




### व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी ने डाला असर

विशेषज्ञों ने कहा कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और एफआईआई द्वारा मुनाफावसूली से बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में, नतीजों के बाद आई तेजी में इटरनल के शेयर में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत की उछाल आई। जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांड की मालिक, फूड डिलीवरी और फास्ट-कॉमर्स कंपनी इटरनल ने सोमवार को जून तिमाही के लिए 25 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया। टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा भी लाभ में रहे। हालांकि, टाटा मोटर्स, अडानी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों में हुई गिरावट

एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को अमेरिकी बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.54 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत गिरकर 68.54 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,681.23 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,578.43 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को सेंसेक्स 442.61 अंक या 0.54 प्रतिशत चढ़कर 82,200.34 पर बंद हुआ।

## व्यापार और नवाचार को मिली नई दिशा, वाणिज्य मंत्रालय की पहलों से स्टार्टअप और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की है। इनका उद्देश्य भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। मंत्रालय ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पुरस्कार की मेजबानी की। इसमें तीन श्रेणियों में 34 पुरस्कार दिए गए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पिछले सप्ताह भारत के व्यापार तंत्र को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जमीनी स्तर के उद्यमिता प्रयासों की सराहना करते हुए पोस्ट किया।

### तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे 34 पुरस्कार

मंत्रालय ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पुरस्कार की मेजबानी की। इसमें तीन श्रेणियों में 34 पुरस्कार दिए गए। ओडीओपी का उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। सरकार ने स्थानीय उत्पादकों को समर्थन देने और उन्हें वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने के लिए 61 देशों के प्रमुखों से की मुलाकात

भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के रणनीतिक कदम के तहत, मंत्री गोयल ने 61 देशों में 74 भारतीय मिशनों के वाणिज्यिक विंग के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। इस चर्चा में भारत की वैश्विक व्यापार रणनीति को और बेहतर बनाने और चार प्रमुख संकेतकों (केपीआई) पर जोर देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें निवेश, व्यपार, पर्यटन और प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

### स्टार्टअप पुरस्कारों का पांचवां संस्करण

बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कारों के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, फिनटेक, एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा और सुगम्यता सहित विविध क्षेत्रों के स्टार्टअप्स को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## राज्यसभा में बोले वित्त राज्य मंत्री : 'सरकार ने रेटिंग एजेंसियों के साथ किए संबंध मजबूत'



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक संरचित इंटरैक्टिव प्रक्रिया के माध्यम से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों के साथ अपने संबंधत को मजबूत किया है। इस प्रक्रिया के तहत रेटिंग एजेंसियों के सामने समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य को रखा जाता है। सरकार ने मंगलवार को संसद को यह सूचना दी। सरकार की ओर से यह जानकारी ऐसे समय पर दी गई है जब एसएंडपी, फिच और मूडीज जैसी संप्रभु क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत को सबसे कम निवेश-ग्रेड रेटिंग दी है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत को 'स्थिर' दृष्टिकोण के साथ 'इंउ' रेटिंग दी है, जबकि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 'सकारात्मक' दृष्टिकोण के साथ 'इइइ-' रेटिंग दी है। फिच ने भारत को 'स्थिर' दृष्टिकोण के साथ 'इइइ-' रेटिंग दी है, जबकि मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने मई में भारत की रेटिंग को स्थिर रुझान के साथ 'इइइ' कर दिया था।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार ने भारत के समग्र आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे इसके ऋण प्रोफाइल पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इनमें मजबूत समष्टि आर्थिक बुनियादी तत्वों को बनाए रखना शामिल है, जैसे स्थिर विकास, मूल्य स्थिरता, राजकोषीय समेकन, लचीला बाह्य क्षेत्र, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, मजबूत बैंकिंग क्षेत्र और निवेश को समर्थन देने के लिए भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ाना। इसके अलावा, सरकार द्वारा मजबूत पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के निर्माण, वित्तीय क्षेत्र में सुधार, व्यापार में आसानी, कौशल विकास पर दिया गया जोर दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास में योगदान देता है।

## भारत, अमेरिका ने व्यापार समझौते के लिए 5वें दौर की वार्ता पूरी की, संसद को दी गई जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत मार्च 2025 में शुरू की गई थी और अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गई। इसी प्रकार, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अब तक बारह दौर की वार्ता हो चुकी है। अंतिम दौर 7-11 जुलाई को ब्रुसेल्स में आयोजित किया गया था।



वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन में हुई थी। एक अलग प्रश्न का उत्तर देते हुए, मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग 2020-21 में 4,77,533 से 44 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 6,89,991 हो गई है। सबसे अधिक वृद्धि भौगोलिक संकेत (जीआई) में 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देखी गई, इसके बाद डिजाइन (266 प्रतिशत), पेटेंट (180 प्रतिशत), कॉपीराइट (83 प्रतिशत), ट्रेडमार्क (28 प्रतिशत) और सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट-डिजाइन (एसआईसीएलडी) में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में अब तक 697 जीआई पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- एक अंडे को प्रोड्यूस यानि उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों तक का समय लगता है, और जैसे-जैसे मुर्गी वयस्क होती जाती है, वह बड़े अंडे प्रोड्यूस करने लगती है।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- वैसे आपने कई रंगों के अंडे देखे होंगे। नीले, हरे और भूरे रंग के अंडे सभी सफेद रंग के अंडे की तुलना में अधिक यूनिक और रोचक होते हैं। अंडे के खोलों के रंगों में अंतर केवल आनुवंशिकी के कारण होता है।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी है।
- साल 1912 में, तीन आदमी अंटार्कटिका से एम्परर पेंगुइन के अंडे को खोजने निकल पड़े। जब वे वापस यूनाइटेड किंगडम लौटे तो, राष्ट्रिय इतिहास संग्रहालय ने अंडे को स्वीकार करने से मना कर दिया।

## वैश्विक स्थिरता का आधार बन रहा भारत, वठ के मंच से बोले नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में राजनीतिक मंच को संबोधित करते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि सतत आर्थिक प्रगति में भारत बड़ी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा, जो पैमाने, गति और स्थिरता से चिह्नित हो, अन्य विकासशील देशों का मार्गदर्शन करती है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा है कि भारत की सतत आर्थिक प्रगति ने उसे वैश्विक स्तर पर ‍स्थिरता का आधार बना दिया है।

### वैश्विक अनिशितता के दौर में सतत विकास अधिक जरूरी

बेरी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय खंड को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विश्व महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है।

## राशिफल

**मेष:** व्यावसायिक दृष्टि से आज का समय अच्छा है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**वृष:** आज ऑफिस में आपकी तरक्की का दिन है। बॉस को कोई काम बहुत पसंद आ सकता है। आपके वेतन वृद्धि की बात हो सकती है, जिससे आप काफी खुश रहेंगे।

**मिथुन:** व्यापार और नौकरी में परिवार का सहयोग मिलेगा. कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर बोलें। तरक्की के रास्ते खुलेंगे। व्यापार में लाभ के योग हैं।

**कर्क:** यह समय आपके लिए शुभ नहीं है। भाई-बहनों के साथ विवाद भी पारिवारिक जीवन में अस्थिरता पैदा कर सकता है। प्रेम संबंध यथावत रहेंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आपको अपने काम के महत्व को समझने की जरूरत है। आज जो काम ज्यादा जरूरी है, उसे आज ही पूरा करें।

**कन्या:** नौकरी और व्यवसाय के फैसले भावनाओं के आधार पर न लें। विवाद का सामना करना पड़ सकता है। कोई पुराना विवाद सामने आ सकता है।

**तुला:** आज का दिन काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। करियर में सब कुछ अच्छा रहेगा।

**धनु:** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. अगर आपका खुद का कोई बिजनेस है तो उस पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। व्यापार और काम से जुड़ी परेशानियां खत्म होंगी।

**मकर:** नौकरी या काम से जुड़े कई नए विकल्प आपको मिल सकते हैं. हालाँकि, आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना चाहिए।

**कुंभ:** आज आप अपने रिश्तों को अधिक महत्व देंगे. परिवार में खुशियां आएंगी। आपको सबका सहयोग मिलेगा। काम समय पर पूरा हो जाएगा। बच्चों की पढ़ाई ठीक रहेगी।

**मीन:** आज आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। अनियमित दिनचर्या से आलस्य और थकान हो सकती है। कुछ छोटे कार्यों में परेशानी होगी।

## चुटकुले

आज की जनरेशन
कल मैंने अपने एक दोस्त से पूछा :- कि तुम कितने बजे सोते हो ?
तो उसका जबाब था : जब मोबाइल की बैटरी 5% रह जाती है।

---

जीवन में इतनी सम्पाती का क्या करोगे?
ऐसा बताने वाले बाबा एक प्रवचन का 2 लाख मांगते है।

---

आज के जमाने में बिजली विभाग ही एकलौता ऐसा विभाग है जो शुद्ध माल सप्लाई कर रहा है
अगर यकीन नहीं है तो
बिजली की तार से हाथ लगा कर देखलो।

---

मुझे ज्यादा चाहत नहीं है ऊपर वाले
बस मुझे उतना दे देना
जितना विजय मालिया ले कर भागा है।

## 23 07 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



हिमेश रेशमिया
(सिंगर एवं अभिनेता)



अंजलि शर्मा



दीपा त्यागी



पूजा गुप्ता



जया छोकर



पारस मलिक



अरुणाभ सिंह



धीरज अग्रवाल



दीपक चौहान



नरेश कुमार



खलील अहमद



बिट्टू कसाना



चौ. अजहर अली



निशांत शर्मा



संजय चड्ढा



विजय कक्कड़



संजय सतिजा



कमलेश पांडेय



अमित चौहान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय ‘करंट क्राइम’ बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मोहन नगर पर कर रहे कांवड़ियों की दिन-रात सेवा








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद महानगर युवा मोर्चा की टीम का मोहन नगर पर कांवड़ शिविर चल रहा है। कांवड़ियों का फूलों से लेकर प्रतिचिन्ह देकर स्वागत किया जा रहा है। इस दौरान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, महामंत्री नितिन शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, पार्षद राहुल शर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज लड्डू, दीपक मंडल, राहुल शर्मा, राहुल मावी सहित कई कार्यकर्ता भगवान शिव के भक्तों की भक्ति देशवासियों को प्रेरणा देती है। सैकड़ां मील पैदल कावड़िया शिव भक्त आस्था के साथ हैं। अपनी मंजिल की ओर जा रहे।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि चारों ओर हर-हर महादेव के जयकारो से भक्तिमय होकर हिंदू संस्कृति का दर्शन होता है। देश दुनिया में सनातन संस्कृति का प्रचार हो रहा है। भगवान शिव के भक्तों की सेवा से ही फल मिलता है। वही शास्त्री नगर निवासी भाईझबहन की जोड़ी में। युग नागर (12) और नंदिनी नागर (9) इतनी छोटी सी उम्र में स्केटिंग करते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से जल लेकर आए है। 17 जुलाई को हर की पौड़ी से दोनों ने जल उठाया था इसके बाद रोजाना 40 किलोमीटर तक स्केटिंग करते हुए यह सफर पूरा किया। इन दोनों छोटे बच्चों के अंदर स्केटिंग के हुनर के साथ भक्ति भाव को देखकर हर कोई हैरान है। कांवड़ यात्रा के इस सफर में उत्तर प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों ने इन बच्चों का स्वागत कर अपना आशीर्वाद दिया और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा पुरी यात्रा के दौरान 10 जगह पर इन दोनों होनहारों भाई बहनों का जोरदार स्वागत किया गया।



# कांवड़ मेला : मोहन नगर चौराहे पर सिविल डिफेंस ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ मेला श्रावण शिवरात्रि के मद्देनजर मोहन नगर चौराहे पर सिविल डिफेंस के द्वारा पुष्प वर्षा किया गया। मुख्य अतिथि डी आई जी /एडिशनल कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी विशिष्ट अतिथि ए सी पी साहिबाबाद स्वेता यादव उपस्थित होकर पुष्प वर्षा किया। डिविजनल वार्डन ए के जैन, ए के ठाकुर के देखरेख में पुष्प वर्षा किया गया। घटना नियंत्रण अधिकारी /मोबाइल टीम प्रभारी नीतीश सिंह ने बताया कि लगातार हमलोग रूट का निरीक्षण कर रहे है जिससे कोई भी आसामाजिक तत्व कांवड़ के दौरान शांति व्यवस्था भंग न करे। घटना नियंत्रण अधिकारी नीतीश सिंह, डिप्टी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार, मंजूर हसन, एस एच ओ साहिबाबाद योगेंद्र सिंह, रमन सक्सेना, विनोद शर्मा, उमेश गुप्ता, विनय सिंह, अशीष, सतवीर, जितेंद्र मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, सुनील गोयल, जुगेंद्र सिंह, आशिक अली, अविनाश और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डी आई जी आलोक प्रियदर्शी ने सिविल डिफेंस टीम की सराहना करते हुए कहा कि वार्डन पूरी निष्ठा से शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने की कांवड़ियों की सेवा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान भोलेनाथ की कृपा से कांवड़ यात्रा के कैंप नगर पालिका पिलखुवा, धर्म यात्रा सेवा समिति, सैनी समाज, भारत विकास परिषद विकास रतन द्वारा दवाई वितरण द्वारा आयोजित भंडारे में नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, नगर पालिका सभासद, भाजपा मंडल के सभी साथियों के साथ उपस्थित रहकर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सचिन पुंडीर, अमित टांक, अंकुर गहलौत, कमल कंसल, नितेश तोमर, हिमांशु अग्रवाल, नरेंद्र सैनी, मनीष किसान, महेश मित्तल, प्रदीप गोयल व सभी सम्मानित शिवभक्त गण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केक काटकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया।

कांग्रेस नेता लालमन सिंह की चौपाल पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर लालमन सिंह, काशीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी अन्ना, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी, कांग्रेस महानगर कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महासचिव पवन शर्मा एडवोकेट, सुनील कुमार भारती, एडवोकेट मी खान सुनील दत्त कर्दम विनोद कर्दम, मास्टर सीपी सिंह आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम से हिंदू बनीं शबनम कांवड़ यात्रा में लाईं गंगाजल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुलंदशहर की रहने वाली शबनम, जिन्होंने हिंदू धर्म अपनाकर सोनम नाम रखा है, पहली बार कांवड़ यात्रा में शामिल होकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर गाजियाबाद पहुंची हैं। शबनम का यह कदम न केवल श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि समाज को भी एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। शबनम ने बताया कि मुस्लिम धर्म में महिलाओं पर कई रोक-टोक होती हैं। पति की मृत्यु के बाद उनके परिवार ने उन पर पुनर्विवाह का दबाव डाला, लेकिन वह ऐसा नहीं चाहती थीं। इसी बीच, गाजियाबाद के पवन वाल्मीकि से उनका संपर्क हुआ, जिन्होंने हर मुश्किल में उनका साथ दिया। शबनम कहती हैं कि जब वह पवन के साथ ससुराल गईं, तो उन्हें बेटी की तरह प्यार और सम्मान मिला। पवन के माता-पिता ने न केवल शबनम को अपनाया, बल्कि उनके पहले पति से हुए बच्चों को भी प्रेम देने में पीछे नहीं रहे। इस स्नेह ने उनकी सोच को बदल दिया और उन्होंने हिंदू धर्म को पूरी तरह से अपनाने का निर्णय लिया।

# जनसुनवाई 'संभव' में प्राप्त हुए आठ संदर्भ, नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों सहित की जनसुनवाई

## बरसात में जलभराव से निजात के लिए बढ़ाये जाएं उपकरण : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। संभव में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। अधिकांश संदर्भ जलकल विभाग से संबंधित प्राप्त हुए जिसमें विजयनगर बागु वार्ड एक से पेयजल 10 एचपी पंप को चालू करने का संदर्भ प्राप्त हुआ तथा गांधीनगर सिटी जोन से जल भराव की समस्या का संदर्भ प्राप्त हुआ जिस पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जलकल विभाग अधिकारियों को नगर आयुक्त द्वारा दिए गए, नगर आयुक्त द्वारा विशेष रूप से जलकल विभाग को बरसात में होने वाले जल भराव से निजात हेतु पंप सेट बढ़ाने के निर्देश दिए गए तथा सभी जॉन में जो की हॉटस्पॉट भी नहीं है पानी निकासी में विलंब होता है तो पंप सेट लगाने के लिए कहा गया है।

संभव के अंतर्गत निर्माण विभाग से एक संदर्भ स्वास्थ्य विभाग से एक संदर्भ उद्यान विभाग से एक संदर्भ संपत्ति विभाग से एक संदर्भ टैक्स विभाग से एक संदर्भ जलकल विभाग से तीन संदर्भ प्राप्त हुए जिस पर सभी समस्त उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने कार्यवाही करने के निर्देश टीम को दिए, संभव में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, तथा समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


# शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए अपनी मंजिल को बढ़ रहे कांवड़िये



































**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सावन माह की शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए उत्तराखंड की हरिद्वार से लगातार हो रही कांवड़ियों की वापसी से गाजियाबाद इंदिरापुरम नहर मार्ग बम भोले के जयकारों से गूंज उठा है। भजनों पर कांवड़िये नाचते-गाते अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। जिससे साहिबाबाद का क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया है। 23 जुलाई को शिवरात्रि और 28 जुलाई को सावन का तीसरा सोमवार है। जिसके मद्देनजर कांवड़ियों द्वारा देवनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। बारिश के दौरान भी महादेव की भक्ति में चूर कांवड़िये अपने अलग-अलग अंदाज में कांधे पर कांवड़ धारण किए लगातार मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। कोई घुंघरूओं की झम-झम तो कोई डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर झूमते हुए जाता हुआ दिखाई दे रहा है।पुलिस लगातार कांवड़ यात्रा मार्ग पर भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा ले रही है। इंदिरापुरम नहर रोड पर मंगलवार को कांवड़ यात्रा रूट पर जगह-जगह पुलिस व पार्षदों ने नहर रोड से गुजरते शिवभक्तों पर वैशाली, वसुंधरा में पुष्प वर्षा की गई। पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद राजकुमार भाटी, कमल सिंह चौहान धर्मेंद्र ठाकुर, आनंद अग्रवाल, दीपक तोमर, प्रदीप शर्मा, योगेंद्र सिंह, राजीव शर्मा, राकेश पांडे, नवीन चौहान, डॉ नमित वाष्णेय, रामबाबू सिंह, संतोष नामदेव, योगेश गंभीर, जितेंद्र राय, राकेश पाल, हेमचंद चौहान, सुभाष सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, विजय धीमान, भानु प्रताप सिंह, आकाश नामदेव, इस मौके पर एएसपी अभिषेक त्रिपाठी ने कावडियों को रेनकोट भी वितरण किया।

# बोल बम...बम-बम से गूंज रहा शहर, शिवमय हुआ नगर निगम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा महोत्सव के दौरान बोल बम, बम बम से गाजियाबाद गूंज रहा है वहीं देखने में आ रहा है। गाजियाबाद नगर निगम भी शिवमय हो रहा है, अधिकारियों से लेकर निगम कर्मचारी तक सभी ड्यूटी निभाने के साथ-साथ भोले की सेवा में लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में कांवड़ यात्रियों हेतु व्यवस्था को बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी गण तथा अधिकारी गण लगे हुए हैं, बैरिकेडिंग की व्यवस्था को निर्माण विभाग बीच-बीच में मजबूत कर रहा है तथा जलकल विभाग 24 घंटे जलापूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है। साफ सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग कांवड़ शिविरों मंदिरों के बाहर भी व्यवस्था में लगा हुआ है कांवड़ रूट पर भी लगातार सफाई जारी है प्रकाश व्यवस्था के लिए प्रकाश विभाग भी लगातार व्यवस्था को देख रहा है इन्हीं सभी ड्यूटी के बीच भी गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी तथा सफाई मित्र भी कांवरियों की सेवा में भी लगे दिखाई दे रहे हैं, जो की जन-जन तक एक सेवा भाव का संदेश देता है।

## भगवा रंग की टीशर्ट मे 600 सफाई मित्र स्वच्छता की निभा रहे हैं अहम जिम्मेदारी

### नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी निभाने के साथ लगे हुए हैं भोले की सेवा में



### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया भोजन वितरित

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम शिवमय हो रहा है ड्यूटी निभाने के साथ-साथ भक्ति भाव से गाजियाबाद नगर निगम का हर अधिकारी कर्मचारी तथा सफाई मित्र लगे हुए हैं, कांवड़ महोत्सव को सफल बना रहे हैं, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी खुद आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर कांवड़ यात्रियों को भोजन वितरित किया गया, पुष्प वर्षा का आयोजन भी बहुत ही भव्य रहा।

### साई उपवन का कांवड़ शिविर पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम की टीम जहां अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पर अलर्ट है तथा 24 घंटे अपनी जिम्मेदारी निभारते हुए कार्य कर रही है वहीं दूसरी ओर निगम की पूरी टीम सेवा भाव से भी कांवड़ यात्रियों की व्यवस्था में कार्य कर रही है, साई उपवन में आयोजित कांवड़ शिविर जो की पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित है और कर्मचारी सेवा भाव से कांवड़ियों को भोजन कराने तथा अन्य व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं, तथा स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं।

### महिला कांवड़ यात्रियों हेतु निगम द्वारा आयोजित शिविर में की गई बेहतर व्यवस्था- महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि पार्षदों तथा निगम अधिकारियों का संयुक्त रूप से कांवड़ यात्रियों की सेवा करना बहुत ही प्रशंसनीय है स्वास्थ्य विभाग की सफाई मित्र जो की सफाई व्यवस्था को संभाल रहे हैं जिनको गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भगवा रंग की टीशर्ट ड्रेस कोड के रूप में दी गई है, अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों तथा पार्षदों के द्वारा सेवा भाव से निभाई जा रही जिम्मेदारी से गाजियाबाद नगर निगम शिव मय होता प्रतीत हो रहा है, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित कांवड़ शिविर में महिला कांवरियों के लिए अलग से व्यवस्थाएं कराई गई थी जिससे उनका लाभ मिला विश्राम की व्यवस्था स्नान की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था महिला कांवड़ यात्रियों के लिए अलग से कराई गई जिसके लिए अलग से ही महिला सफाई मित्रों की ड्यूटी लगाई गई।

### सफाई मित्र तहेदिल से लगे हैं सफाई व्यवस्था करने





**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के जोनल सैनिटरी ऑफिसर ओमपाल द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सफाई मित्र सफाई व्यवस्था में लगे हुए हैं। मोबाइल शौचालय की सफाई के साथ-साथ आयोजित कांवड़ शिविरों में भी सफाई व्यवस्था कराई जा रही है जिसके लिए रात्रि सुबह और शाम मे तीन शिफ्ट में सफाई मित्र ड्यूटी पर लगाए गए हैं। 600 सफाई मित्र हैं जिनके द्वारा मिल्क दुहाई गांव से लेकर मेरठ रोड तिराहे तक मेरठ रोड तिराहे से सीमापुरी बॉर्डर तक तथा मोहन नगर क्षेत्र से भोपुरा तक मोहन नगर क्षेत्र से कौशांबी तक के उपरांत इंदिरापुरम क्षेत्र में वसुंधरा क्षेत्र में तथा डायमंड फ्लाईओवर की तरफ गोविंदपुरम से मेरठ रोड तिराहे तक, सफाई व्यवस्था का कार्य जोरों पर चल रहा है।

## गाजियाबाद के गालंद गांव में अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का पीला पंजा

### 45 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध तरीके से काटी जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत मंगलवार को गांव गालंद में अवैध काटी जा रही कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। करीब 45 हजार वर्ग मीटर में अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में गालंद गांव में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यहां दीपक यादव नामक एक व्यक्ति की ओर से ग्राम-गालन्द जिला-हापुड़ के खसरा संख्या-855, 856, 857, 878 व 877 पर लगभग 45000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत कालोनी बनाई जा रही थी। इस कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय निर्माणकर्ता की ओर से स्थल पर भारी विरोध किया गया, जिसे प्राधिकरण पुलिस बल ने नियंत्रित किया।

प्रवर्तन जोन-5 के प्रभारी ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई के समय प्रवर्तन प्रभारी जोन-5, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर स्टॉफ, प्राधिकरण सुरक्षाकर्मी एवं सम्बन्धित थाना-धौलाना गाजियाबाद का पुलिस बल उपस्थित रहा।

## गाजियाबाद की महिला ने डेढ़ साल की बेटी के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा शुरू की

### बोलीं, मेरी बेटी बने आईएएस या आईपीएस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका बच्चा बड़े होकर एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बने, किसी उच्च पद पर कार्य करे, और जीवन में गरीबी तथा संघर्ष से दूर रहे। कुछ ऐसी ही कहानी है गाजियाबाद की काजल और उनके पति आदेश की, जो इन दिनों अपनी डेढ़ साल की बच्ची के साथ एक अनोखी कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। काजल और आदेश ने हरिद्वार से लगभग 200 किलोमीटर पैदल चलकर अपनी बेटी को वॉकर में बैठाकर गंगाजल के साथ गाजियाबाद पहुंचा है। उन्होंने संकल्प लिया है कि दूधेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव को गंगाजल अर्पित कर अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करेंगे।



काजल ने कहा, हम आर्थिक तंगी में जी रहे हैं। मेरे पति ई-रिक्शा चलाते हैं और मुश्किल से घर चला पा रहे हैं। हम नहीं चाहते कि हमारी बेटी भी ऐसी ही जिंदगी जीए। हमने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की है कि वह हमारी बेटी पर कृपा करें ताकि वह पढ़-लिखकर आईएएस या आईपीएस बन सके। आदेश, जो पेशे से ई-रिक्शा चालक हैं, ने कहा, हमारी आय बहुत सीमित है। हम चाहते हैं कि हमारी बेटी को वो सब मिले जो हमें नहीं मिला। इसलिए हम कांवड़ यात्रा पर निकले हैं ताकि भगवान शिव हमारे अरमान पूरे करें। कांवड़ यात्रा का यह दृश्य हर किसी को भावुक कर देता है झ्र एक मां, पिता और मासूम बच्ची के संघर्ष और संकल्प की झलक, जिसमें श्रद्धा, मेहनत और उम्मीद का संगम साफ नजर आता है।



**सम्मानित**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के राकेश मार्ग पर रहने वाले अंकुर सिंहल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। अंकुर सिंघल को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से सम्मानित किया।

## पिलखुवा में 24वें शिवभक्त कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिलखुवा नगर में माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन धाम चण्डी मंदिर परिसर में आयोजित 24वें शिवभक्त कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर एसोसिएशन ऑफ एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं माँ अन्नपूर्णा रसोई व वैश्य अग्रवाल महासभा के सहयोग से आयोजित किया गया है।





इस अवसर पर धौलाना एसडीएम शुभम श्रीवास्तव, पिलखुवा नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, प्रदीप लोहिया, दीपक, मनीष मित्तल, महेश, प्रदीप, संजय गर्ग, ब्रजेश गोयल, अजय नागर एवं सम्मानित कांवड़िए व नगरवासी उपस्थित रहे।

## सपा ने कांवड़ सेवा शिविर से की कांवड़ियों पर पुष्पववर्षा

### फल वितरण एवं पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किए

**पूर्व मंत्री राकेश यादव ने दी भोलों को बधाई**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाज़ियाबाद के मुरादनगर विधानसभा में आयोजित समाजवादी सेवा शिविर के माध्यम से शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया गया एवं कांवड़ियों की सेवा करते हुए फल वितरण व सुन्दर और भव्य झांकियों को पुरस्कार स्वरूप स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति राकेश यादव ने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा, एकता और भक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल एवं उनकी कार्यकारिणी के द्वारा किया गया।





इस पावन मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, अभिषेक गर्ग, नितिन त्यागी, विकास यादव, सपा नेत्री मनीषा त्यागी, सोएब चौधरी नगर अध्यक्ष, इरफान, अमानत चौधरी जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, देवरत धामा विधानसभा अध्यक्ष मोदीनगर, अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, योगेश सिरोही, पुनीत वर्मा, पिंटू यादव, महबूब अंसारी, दानिश अंसारी, हसीन चौधरी, अकरम सलमानी, आरिफ सलमानी, महताब रब्बानी, अफजल मलिक, शौकीन मेंबर, जावेद रब्बानी, लाला गंगासरण आदि सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## किस थाने के टू-स्टार हैं थानाध्यक्ष से परेशान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ वाला कार्यक्रम इस बार ड्यूटी से लेकर पुलिस की मुस्तैदी के नाम रहा है। जहां कांवड़ में खाकी के भोलो की सेवा वाले कई वीडियो आए। तो वहीं योगी बाबा का भी सावन मास कांवड़ में दम देखने को जमकर मिला है। अब कांवड़ त्यौहार समाप्ति की ओर है और कमिश्नरेट में नए कयास और प्रयास होने शुरू होने की जानकारी मिल रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों एक थानाध्यक्ष के चौकी वाले टू-स्टार उनसे परेशान चल रहे हैं। सूत्रों पर भरोसा करें तो उस थाने की खास चौकी पर तैनात एक टू-स्टार ने तो अपने थानेदार की वर्किंग और बोली पर ही सवाल उठा दिए हैं। तो वही सूत्र बताते हैं कि अगर उनके इलाके वाले एसीपी साहब जमकर मेहनत नहीं करते तो कांवड़ में भी कांड में हो सकता था। पुलिस के सूत्रों पर भरोसा करें थानाध्यक्ष से ज्यादा इलाके वाले साहब ने गाड़ी और नजरें दौड़ाने का काम किया है। तो रात और सुबह तक ड्यूटी भी जमकर दी गई है। सूत्र बता रहे हैं कि खेतों से सटे एक खास इलाके में अधिक ध्यान दिया गया है लेकिन थानाध्यक्ष से ज्यादा मेहनत इलाके वाले साहब के नाम रही है। वैसे जिस तरीके का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में माहौल बना हुआ है, तो आने वाले दिनों में थाने वाले टू-स्टार की टेंशन बढ़ेगी। वैसे भी बताया जा रहा है कि उनका अपने कर्मचारियों के साथ मामला बन रही रहा है। उनकी स्टाइल, बोली, गोली देने की आदत और ईगो की वजह से मामला फाइट वाला नजर आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि उनपर दया दूसरे कमिश्नरेट से बरसी थी। पर इस कमिश्नरेट में मामला उनका डाउन वाला ही बना हुआ है। इलाके के काले कारनामों पर रोक नहीं लग पा रही है। तो सड़क के किनारे वाला अतिक्रमण भी जी का जंजाल बना हुआ है। थानाक्षेत्र का कोई भी मुख्य मार्ग ऐसा नहीं है जहां पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ वो एक्शन ले पाए हों। साथ ही रात को होटलों में कारनामे में हो रहे हैं। जिससे उनकी तरफ पुलिस का रिएक्शन कुछ अलग संकेत दे रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा की कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद आने वाली सिटी, नदियापार और ग्रामीण जोन की लिस्ट का असर किस-किस जोन में पड़ेगा और किसको फायदा और नुकसान उठाना पड़ता है।



## चंद उद्दंडियों के चलते पवित्र कांवड़ यात्रा को बदनाम न करें : अरविंद तेवतिया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन का पवित्र माह चल रहा है इसमें शिव भक्त आस्था और भक्ति भावना में विभोर होकर भोले बाबा की पूजा अर्चना करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से पवित्र कांवड़ यात्रा में जो नोसीखियों अज्ञानता के चलते नशीले पदार्थों का प्रयोग कर रहे हैं जिसके चलते वह भोले की पवित्र यात्रा की भक्ति का आशीर्वाद पाने की बजाय पाप के भागीदार बन रहे हैं। 1992 में मैं खुद अरविंद तेवतिया हरिद्वार से प्रथम बार पैदल पवित्र कांवड़ लाया हूं। लगातार 8 वर्ष हरिद्वार से पैदल कांवड़ लाने के बाद मैं फिर लगातार 4 वर्षों तक गोमुख से पैदल कांवड़ लाया हूं। आज की कांवड़ यात्रा में बहुत ज्यादा डी जे का शोर-शराबा और दिखावा हो रहा है। किसी भी शिव भक्त कांवड़िए को उतना जल अपने कंधों पर उठाना चाहिए जिससे कि उसका ध्यान भोले की भक्ति में एकाग्र होकर अपने मंजिल की ओर आसानी से पहुंच सके। आजकल एक प्रतिस्पर्धा सी हो गई है। कोई 100 लीटर जल लेकर आ रहा है। कोई 121 लीटर जल लेकर आ रहा है। कोई डेढ़ सौ लीटर जल लेकर आ रहा है। कोई 200 लीटर तक जल लेकर चलने का दावा कर रहा है। भोलेनाथ कहते हैं कि शरीर को कष्ट देने वाले से कहीं ज्यादा प्रसन्न मैं उस भक्त की भक्ति से होता हूं जो अपने तन मन को स्वच्छ रखकर एक बेलपत्र के एक पत्ते को भी मुझे अर्पित करता है। अपने तन-मन को स्वच्छ रखकर जन कल्याण का कार्य करने वाला शिव भक्त को मेरा आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### अपनापन रसोई सेवा ने सावन के दूसरे मंगलवार को किया भंडारे का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री हनुमान मंदिर अपनापन रसोई सेवा सावन के दूसरे मंगल को विधिवत आयोजन का शुभारंभ चौधरी मंगल सिंह ने करते हुए खुशी प्रकट की। भक्तों के साथ सेवा में अशोक कुमार गोयल, रमेश खजांची, सुदेश रानी, अमिता गोयल, अजय गर्ग, अशोक कुमार शर्मा, पुष्पा पांडे, रेखा गुलाटी, अमरदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।




## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Ved Prakash Garg is with Himanshu Prakash Garg and Ujjwal Prakash Garg.
1h ·

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं , सिद्ध पीठ दूधेश्वर नाथ बाबा की जयहर हर महादेव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सावन माह में शिव की भक्ति का संदेश भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने दिया। प्राचीन सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ शिव मंदिर में वेद प्रकाश गर्ग ने मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी के पावन सानिध्य में पूजन अर्चन किया। और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने अपने भक्ति भाव को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## पीएम मोदी दो दिन के लिए ब्रिटेन दौरे पर

# 3 साल की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होगा

**लंदन।** पीएम मोदी आज ब्रिटेन के दो दिन के दौरे पर रवाना होंगे। यह उनकी चौथी ब्रिटेन यात्रा है। यहां वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के न्योते पर जा रहे हैं। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दी है।

कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली ब्रिटेन यात्रा है। पीएम की मुलाकात ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स से भी होगी।

लंदन में पीएम मोदी और स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। इसमें दोनों के बीच भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट , रक्षा, टेक्नोलॉजी और जलवायु जैसे मुद्दों पर बातचीत होगी।




एफटीए को लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जो अब जाकर पूरी हुई है।

### 5 साल में व्यापार दोगुना करना मकसद

पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच तीन साल तक चली बातचीत के बाद फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एग्रीमेंट के मसौदे की लीगल प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एफटीए का मतलब होता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे हिंदी में मुक्त व्यापार समझौता कहा जाता है। यह ऐसा समझौता होता है जो दो या अधिक देशों के बीच होता है, ताकि वे आपस में सामान और सेवाओं का व्यापार आसानी से कर सकें, और उस पर कम टैक्स (ड्यूटी) लगाएं या बिलकुल टैक्स न लगाएं। इससे दोनों देशों की कंपनियों को फायदा होता है, क्योंकि उनके सामान सस्ता हो जाता है जिससे लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।

# बांग्लादेश विमान हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ा, 25 बच्चों समेत 31 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया था। इसके बाद विमान में आग लग गई थी। अब तक घटना में मरने वालों की संख्या 31 हो गई है और उनमें से 25 बच्चे हैं। बांग्लादेश में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। हादसे में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 25 बच्चे हैं। वहीं घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया था। इसके बाद विमान में आग लग गई थी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के विशेष सलाहकार सईदुर रहमान ने बताया कि अब मृतकों की संख्या 31 हो गई है और उनमें से 25 बच्चे हैं। मृतकों में से कई 12 वर्ष से कम उम्र के थे। अब तक 20 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। ढाका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न



एंड प्लास्टिक सर्जरी (एनआईबीपीएस) में रहमान ने कहा कि हम चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखे हुए हैं। कुछ मरीजों की हालत बेहद गंभीर है। दुर्घटना में लगभग 170 लोग घायल हो गए हैं।

### छात्रों का उग्र प्रदर्शन

मंगलवार को हादसे के विरोध में हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए। मिलस्टोन स्कूल और आस-पास के अन्य स्कूलों के छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए मृतकों की सही जानकारी सार्वजनिक करने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और पुराने और असुरक्षित ट्रेनिंग विमानों के इस्तेमाल पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### जांच समिति गठित

दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए बांग्लादेश वायु सेना द्वारा एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। रक्षा मंत्रालय के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टोरेट (आईएसपीआर) ने कहा कि पायलट हुसैन ने किसी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए विमान को सुनसान स्थान पर ले जाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे। सभी घायलों को वायु सेना के हेलीकॉप्टर और एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) और अन्य निकटवर्ती सुविधाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है।

### उच्च अधिकारियों को छात्रों का घेराव

वहीं अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकारों कानून सलाहकार आसिफ नजरुल, शिक्षा सलाहकार सीआर आबरार और प्रेस सचिव शफीकुल आलम जब घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे तो छात्रों ने उनका घेराव कर लिया। साथ ही जोरदार नारेबाजी भी की। बात इतनी बढ़ गई कि अधिकारियों को एक स्कूल भवन में शरण लेनी पड़ी। सेना और अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी के बावजूद छात्र काफी आक्रोशित रहे।

### अस्पतालों में भटक रहे अभिभावक

अस्पतालों में निराशा और दर्द की चीखें गूंज रही हैं। स्कूल अधिकारियों और अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि कई अभिभावक अभी भी अपने लापता बच्चों की तलाश में एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भाग रहे हैं। चिंतित माता-पिता और रिश्तेदार सदमे और दुख के साथ आपातकालीन वार्ड के बाहर अपनों का इंतजार कर रहे थे। एक स्कूल शिक्षक ने कहा कि हादसे के बाद दर्जनों एंबुलेंस घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जा रही थीं, लेकिन संख्या इतनी अधिक थी कि घायलों के लिए कमरों की कमी के कारण उन्हें भर्ती करना और उनका उचित उपचार करना संभव नहीं था।

### राजकीय शोक दिवस का एलान

सरकार ने दुर्घटना से प्रभावित लोगों की स्मृति में मंगलवार को राजकीय शोक दिवस घोषित किया है। मुख्य सलाहकार कार्यालय ने घोषणा की है कि देश भर के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। देश के सभी धार्मिक स्थलों पर घायलों और मृतकों के लिए विशेष प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा।

### छात्रा बोली- मैंने 10-12 लोगों के शव देखे

बांग्लादेश वायुसेना के विमान हादसे पर माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज की 11वीं कक्षा की छात्रा संजीदा अख्तर स्मृति ने कहा कि मैंने 10-12 लोगों के क्षत-विक्षत शव देखे। वे कैसे कह सकते हैं कि सिर्फ 21 लोग ही मरे? विमान इस इमारत से सिर्फ 5 फीट ऊपर था। अगर यह यहां गिरता, तो हजारों छात्र मारे जाते। इतनी घनी आबादी वाले इलाके में प्रशिक्षण विमान क्यों उड़ेगा? 1966 में चीन से खरीदे गए इतने पुराने विमान से प्रशिक्षण क्यों दिया जा रहा है?

# शांति वार्ता से पहले रूस ने यूक्रेन पर किया ड्रोन हमला एक बच्चे की मौत, 24 लोग घायल

**कीव।** रूस ने उत्तर-पूर्व में सुमी, दक्षिण में ओडेसा और पूर्वी क्रामाटोरस्क के यूक्रेनी क्षेत्रों पर हमला किया। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ जब तीसरी बार दोनों देश शांति वार्ता करने जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच शांति वार्ता पहले एक बार फिर मॉस्को ने तीन यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि 24 लोग घायल हो गए। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ शांति वार्ता होगी। मगर इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने को लेकर कोई प्रगति होने की उम्मीद कम है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम को रूस ने उत्तर-पूर्व में



सुमी, दक्षिण में ओडेसा और पूर्वी क्रामाटोरस्क के यूक्रेनी क्षेत्रों पर हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र होन्चारेंको ने बताया कि क्रामाटोर्स्क में एक ग्लाइड बम एक अपार्टमेंट इमारत पर गिरा। इससे आग लग गई। हमले में एक लड़के की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने बताया कि सूमी क्षेत्र में कई हमले हुए। पुतिवल शहर में एक ड्रोन ने एक गैस स्टेशन पर हमला किया, जिसमें एक पांच साल के बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। दो घंटे से भी कम समय बाद उसी जगह पर एक और ड्रोन हमला हुआ। इसमें सात और लोग घायल हो गए।

अंधेरा होने के बाद सुमी शहर पर दो और शक्तिशाली रूसी ग्लाइड बम गिराए गए। इसमें एक छह साल के बच्चे समेत 13 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि हमले में पांच अपार्टमेंट इमारतें, दो निजी घर और एक शॉपिंग मॉल क्षतिग्रस्त हो गए। कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबजार ने कहा कि विस्फोटों से आवासीय भवनों की खिड़कियां टूट गईं और बालकनी नष्ट हो गईं। मंगलवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में कई क्षेत्रों में 35 यूक्रेनी लंबी दूरी के ड्रोनों को मार गिराया, जिनमें से तीन मॉस्को क्षेत्र में थे।

### रूस-यूक्रेन के बीच होनी है शांति वार्ता

रूस-यूक्रेन के बीच तीन साल से युद्ध चल रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिए दोनों देश तीसरी बार शांति वार्ता करने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले दो दौर की वार्ता इस्तांबुल में हुई थी, और रूसी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस बार भी बैठक की मेजबानी तुर्किये करेगा। मई और जून में हुई वाताओं के परिणामस्वरूप युद्धबंदियों और शहीद सैनिकों के शवों का आदान-प्रदान हुआ, लेकिन कोई अन्य समझौता नहीं हो सका।

# गाजा और सीरिया में इस्राइली हमले से ट्रंप नाराज नेतन्याहू को फोन कर हालात सुधारने को कहा

**वाशिंगटन।** ट्रंप को उम्मीद थी कि नेतन्याहू के हालिया अमेरिका दौरे के समय गाजा में युद्धविराम समझौते पर सहमति बन जाएगी। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के समय ही गाजा में युद्धविराम कराने का वादा किया था। हालांकि अब तक ट्रंप इसमें सफल नहीं हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हाल ही में इस्राइल द्वारा गाजा में एक चर्च पर और सीरिया में किए गए हमलों को लेकर नाराज हैं। इसे लेकर ट्रंप ने इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात भी की और उनसे 'हालात सुधारने' को कहा है। दरअसल बीते गुरुवार को इस्राइल ने गाजा में एक कैथोलिक चर्च पर हमला किया था,



जिस पर ट्रंप ने तुरंत नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही ट्रंप ने इस्राइली पीएम को फोन कर एक बयान जारी करने को कहा, जिसमें चर्च पर हमले को एक गलती बताने को कहा गया था। नेतन्याहू ने ऐसा किया भी था।

चर्च पर हमले से नाराज ट्रंप ट्रंप, इस्राइल के सीरिया पर हमले से भी खुश नहीं हैं। दरअसल बीते दिनों जब ट्रंप ने सऊदी अरब का दौरा किया था, तो उस वक्त सीरिया के नेता अहमद अल शरा ने राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की मुलाकात में सीरिया में स्थिरता लाने पर बात हुई थी। यही वजह रही कि इस्राइल के सीरिया पर हमले ने ट्रंप को नाराज कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि 'राष्ट्रपति ट्रंप के इस्राइली पीएम के साथ अच्छे संबंध हैं और दोनों लगातार संपर्क में रहते हैं, लेकिन गाजा में एक चर्च पर और सीरिया पर हमले से राष्ट्रपति अचंभित रह गए।

# 'अप्रवासियों को हिरासत केंद्रों में जानवरों की तरह खिलाया जा रहा खाना', अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में दावा

**वाशिंगटन।** हिरासत केंद्रों में भारी भीड़ होने के चलते कई अवैध अप्रवासियों को 24 घंटे तक पार्किंग में खड़ी बस में रहना पड़ा और सिर्फ शौच के लिए जाने के लिए ही उनके हाथ खोले जा रहे हैं। कई लोग कई दिनों से हिरासत केंद्रों में बंद हैं और उन्हें सोने के लिए बिस्तर और गर्म कपड़े भी नहीं मिल रहे हैं। अमेरिका में हिरासत केंद्रों में बंद अवैध अप्रवासियों को अमानवीय हालात में रहना पड़ रहा है। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, हिरासत केंद्रों



में अप्रवासियों के हाथ कमर के पीछे बांधकर प्लेटों में खाना दिया जा रहा है, जिसे अप्रवासियों को जानवरों की तरह खाना पड़ रहा है। सोमवार को प्रकाशित हुई रिपोर्ट में फ्लोरिडा के तीन हिरासत केंद्रों की जानकारी दी है, जहां अवैध अप्रवासियों को अमानवीय हालात में रखा गया है।

### महिलाएं खुले में शौच करने को मजबूर

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई लोगों को लंबे समय से भीड़ वाले हिरासत केंद्रों में रखा जा रहा है और लोगों को शाम 7 बजे तक दोपहर का खाना दिया जा रहा है। साथ ही हाथ बांधकर ही लोगों को खाना खाने की इजाजत दी जा रही है। हिरासत में बंद एक अवैध अप्रवासी ने बताया कि 'हमें जानवरों की तरह खाना खाना पड़ रहा है।' रिपोर्ट के अनुसार, हिरासत केंद्रों के सुरक्षाकर्मी भी अप्रवासियों से खराब व्यवहार कर रहे हैं। यहां तक कि महिलाओं को खुले में सार्वजनिक तौर पर शौच के लिए जाना पड़ रहा है। महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग नहाने जैसे आधारभूत सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं।

### फर्श पर सोने को मजबूर लोग

हिरासत केंद्रों में भारी भीड़ होने के चलते कई अवैध अप्रवासियों को 24 घंटे तक पार्किंग में खड़ी बस में रहना पड़ा और सिर्फ शौच के लिए जाने के लिए ही उनके हाथ खोले जा रहे हैं। कई लोग कई दिनों से हिरासत केंद्रों में बंद हैं और उन्हें सोने के लिए बिस्तर और गर्म कपड़े भी नहीं मिल रहे हैं। लोगों को फर्श पर सोना पड़ रहा है।

# परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने की तैयारी में ईरान, तुर्किये में यूरोपीय देशों से करेगा बात

**तेहराइन।** पिछले महीने इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद माना जा रहा था कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। इसके बाद ईरान ने एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम को लेकर बात शुरू कर दी है। तुर्किये में होने वाली बैठक में ईरानी अधिकारी ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अधिकारियों से बात करेंगे। इस्राइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान ने एक बार



फिर परमाणु कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी की है। ईरान अब तुर्किये में यूरोपीय देशों के साथ परमाणु वार्ता करने जा रहा है। इस्राइल के साथ युद्ध विराम के बाद यह पहला मौका है, जब ईरान परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शुरूआत करने जा रहा है। हालांकि मई में भी इस्तांबुल में ऐसी ही बैठक हुई थी। पिछले महीने इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद माना जा रहा था कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। इसके बाद ईरान ने एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम को लेकर बात शुरू कर दी है। तुर्किये में होने वाली बैठक में ईरानी अधिकारी ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अधिकारियों से बात करेंगे। इन तीनों राष्ट्रों को ए3 के रूप में जाना जाता है। बैठक में यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास भी शामिल होंगे।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि बातचीत का विषय साफ है। पहला प्रतिबंधों को हटाना और दूसरा ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे। यह बैठक उप-मंत्री स्तर पर होगी।

### ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को लिखा पत्र

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया कि तीनों यूरोपीय देशों के पास इस तरह के तंत्र को लागू करने के लिए कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार का अभाव है, और उन्होंने ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी पर समझौते में अपनी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया। अराघची ने कहा कि इन हालात में स्थापित तथ्यों और पूर्व संचार की अवहेलना करते हुए स्नैपबैक को शुरू करने का प्रयास, प्रक्रिया का दुरुपयोग है, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अस्वीकार करना चाहिए। उन्होंने तीनों यूरोपीय देशों की इस्राइली शासन और अमेरिका के हालिया अकारण और अवैध सैन्य आक्रमण को राजनीतिक और भौतिक समर्थन प्रदान करने के लिए भी आलोचना की। अराघची ने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि उनका देश कूटनीतिक समाधान के लिए तैयार है।

# ऑस्ट्रेलियाई संसद की कार्यवाही शुरू होते ही गाजा पर संग्राम, इस्राइल पर प्रतिबंध की मांग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की नई संसद शुरू होते ही गाजा युद्ध को लेकर विरोध तेज हो गया। संसद के बाहर प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, जबकि संसद में ग्रीन पार्टी की नेता ने शांतिपूर्ण विरोध जताया। सरकार ने कुछ इस्राइली मंत्रियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन व्यापक प्रतिबंध की मांग तेज हो रही है। वहीं, विपक्ष ने सरकार के संयुक्त बयान पर चिंता जताई है।

ऑस्ट्रेलिया की नई संसद की शुरूआत ऐसे समय हुई जब देश के अंदर और बाहर कई मुद्दे गर्माए हुए हैं। मंगलवार को जब संसद का सत्र शुरू हुआ, उसी समय सैकड़ों प्रदर्शनकारी संसद भवन के बाहर जुटे और गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल पर कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। संसद के भीतर और बाहर इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखी गईं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही कुछ इस्राइली नेताओं पर व्यक्तिगत प्रतिबंध लगा चुका है, लेकिन देश में अब व्यापक प्रतिबंध की मांग बढ़ रही है। ऑस्ट्रेलिया की संसद में मंगलवार



को नए सत्र की शुरूआत हुई, जिसमें प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी भारी बहुमत के साथ लौटी है। यह सत्र हालांकि परंपरागत रूप से औपचारिक रहा, लेकिन गाजा संघर्ष की गूंज संसद भवन में भी सुनाई दी। संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने इस्राइल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की और ह्यगाजा को न्याय दोह्व जैसे नारे लगाए।

### प्रदर्शनकारियों को संसद में घुसने से रोका गया

सुरक्षा अधिकारियों ने लगभग 15 प्रदर्शनकारियों को संसद के ऊपरी सदन की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। ये प्रदर्शनकारी उस समय अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे जब अटॉर्नी जनरल सैम मोस्टिन संसद को संबोधित कर रहे थे। इस बीच, ग्रीन पार्टी की उप नेता सीनेटर मेहरीन फारुकी ने एक पोस्टर लहराकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया जिस पर लिखा था, 'गाजा भूखा है, केवल शब्द नहीं, इस्राइल पर प्रतिबंध लगाओ।'

### इस्राइली नेताओं पर व्यक्तिगत प्रतिबंध

ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही इस्राइल के दो मंत्रियों इतामार बेन गविर और बेजेल स्मोट्रिच पर वित्तीय और यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, सरकार ने अभी तक इस्राइल के खिलाफ किसी व्यापक राज्य-स्तरीय प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है। प्रदर्शनकारियों और ग्रीन पार्टी की मांग है कि ऑस्ट्रेलिया को अब और कड़े कदम उठाने चाहिए।

### गाजा पर ऑस्ट्रेलिया की प्रतिक्रिया

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में 27 अन्य देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें गाजा युद्ध पर कहा गया था कि अब ये युद्ध खत्म होना चाहिए। गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क ने इसे अब तक का सबसे सख्त बयान बताया। उन्होंने कहा कि जो कुछ हम देख रहे हैं, वह असहनीय है। बंधकों की रिहाई जरूरी है, लेकिन युद्ध का अंत भी उतना ही जरूरी है।

विपक्षी नेता जोनाथन डुनियम ने सरकार की इस अंतरराष्ट्रीय पहल को ह्यचिंताजनकह्ण बताया और कहा कि बयान में कई महत्वपूर्ण बातें छूट गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी घोषणाएं करने से पहले गहन सोच-विचार करना चाहिए था। इस पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखी गई।

### ऑस्ट्रेलिया की नई संसद में समीकरण

2024 के चुनावों में लेबर पार्टी ने 150 सीटों में से 94 पर जीत हासिल की, जो 1996 के बाद सबसे बड़ी जीत है। वहीं विपक्षी लिबरल पार्टी अब केवल 43 सीटों पर सिमट गई है।

सीनेट में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है, जिससे यह साफ है कि सरकार को इस्राइल पर और प्रतिबंध लगाने के लिए या फिर उससे जुड़ा कोई कानून पास कराने के लिए उसे विपक्ष या ग्रीन पार्टी के साथ समझौता करना होगा।

# फिलीपींस के राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा, ट्रंप के साथ मुलाकात में टैरिफ और चीन के मुद्दे पर होगी बात

**वॉशिंगटन।** चीन के अलावा दोनों देशों के बीच टैरिफ के मुद्दे पर भी बात होगी। ट्रंप ने बीते दिनों फिलीपींस के सामान पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। यह 20 प्रतिशत टैरिफ 1 अगस्त से लागू होना है। अमेरिकी राष्ट्रपति और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्दीनांद मार्कोस जूनियर की मंगलवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में हिंद प्रशांत महासागर काफी अहम हो गया है। इससे पहले सोमवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात की।

### चीन और फिलीपींस के बीच है विवाद

फिलिपींस के राष्ट्रपति, राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने वाले पहले दक्षिण पूर्व एशियाई नेता होंगे। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्दीनांद मार्कोस जूनियर की अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा ऐसे समय में हो रही है,



जब चीन, दक्षिण चीन सागर में लगातार अपनी आक्रामकता बढ़ा रहा है। चीन और फिलीपींस के बीच स्कारबोरो शोल को लेकर विवाद है। दोनों ही देश इस जगह पर अपना दावा करते हैं। इसे लेकर कई बार चीनी जहाजों और फिलीपींस के जहाजों पर मौजूद सैनिकों की झड़प भी हो चुकी है।

### हिंद प्रशांत महासागर पर चीन का फोकस

अमेरिका, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी मानता है और यही वजह है कि अब अमेरिका, हिंद प्रशांत महासागर पर काफी ज्यादा फोकस कर रहा है। हालांकि ट्रंप और उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बीते काफी समय से रूस यूक्रेन जंग और इस्राइल हमास युद्ध में फंसे हुए हैं। जिसके चलते वे दक्षिण चीन सागर पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

चीन के अलावा दोनों देशों के बीच टैरिफ के मुद्दे पर भी बात होगी। ट्रंप ने बीते दिनों फिलीपींस के सामान पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। यह 20 प्रतिशत टैरिफ 1 अगस्त से लागू होना है। हालांकि माना जा रहा है कि इससे पहले ही अमेरिका और फिलीपींस के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। फिलीपींस की सरकार व्यापार समझौते के तहत कुछ अमेरिकी सामानों पर टैरिफ शून्य करने की पेशकश कर सकती है।

# मिलिए धाकड़ छोरा फिल्म के लाल जी से

# देहातीवुड को आगे बढ़ाने के लिए प्रोड्यूसर्स और सरकार को आगे आना चाहिए : देव शर्मा

## ■देहातीवुड फिल्मों के अमिताभ बच्चन हैं उत्तर कुमार ■प्रोड्यूसर मिले तो अच्छी देहाती फिल्में बन सकती हैं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम। देहातीवुड की एक फिल्म आई थी धाकड छोरा। इस फिल्म ने लालाजी की एक किरदार था। लालाजी के इस किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इस किरदार को निभाया था देव शर्मा ने। दर्शकों को यह किरदार इतना पंसद आया था कि लोग उन्हें अब लालाजी के नाम से ही पुकारते है। मूलत मुजफ्फनगर के रहने वाले देव शर्मा ने करंट क्राइम के डिजीटल हेड सुब्रत भटटाचार्य ने बातचीत की।**



प्रश्न-आप देहातीवुड फिल्म लाइन में कैसे आए ? क्या किसी संस्थान से अभिनय सीखा है ?

उत्तर- इस क्षेत्र में इसलिए आया क्योंकि बचपन से ही कला के प्रति रूचि थी। चित्रकला और अभिनय कला में कुछ करने की चाहत थी। एक मंच की आवश्यकता थी, जहां मैं अपनी प्रतिभा को दिखा संकू। देहातीवुड के जाने माने कलाकार उत्तर कुमार से मुलाकात हुई। बातचीत का सिलसिला बढता गया। उन्होंने मेरी प्रतिभा को परखा और फिल्म में काम करने का मौका दिया। इससे पहले मैं आकाशवाणी और दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों में गीत प्रस्तुत किया था। जहां तक अभिनय सीखने की बात है, तो मैंने कहीं से भी अभिनय का प्रशिक्षण नहीं लिया है। जो भी अभियन करता हूं वह अपने आप से ही सीखा हूं।

प्रश्न- आपने आकाशवाणी में कब और क्या-क्या काम किया?

उत्तर- 1980 में पहली बार आकाशवाणी में ऑडिशन दिया था। पहले ही ऑडिशन में क्वालिफाई कर गया था। तब जानेमाने रेडियो कलाकार रामफल जी, मुंशीजी और लाडू बहन के साथ काम करने का मौका मिला। करीब बीस साल तक गाने का काम किया। आकाशवाणी में देहात के गानों को पेश करता था। मेरे कार्यक्रम बडे ही लोकप्रिय होते थे।

प्रश्न-देहाती फिल्मों में कब पदार्पण किया? कौन-कौन साथी रहे और कितनी फिल्में कीं?

उत्तर- 2000 साल में पहली बार फिल्मों में पदार्पण किया। पहली फिल्म धाकड छोडा थी। इसकी शूटिंग मुजफ्फरनगर के स्कूल में हुई थी। इसमें मेरी लालाजी वाली भूमिका थी। यह फिल्म इतनी



लोकप्रिय हुई कि आजतक लोग मुझे लालाजी के नाम से ही पुकारते हैं। फिल्म में लालाजी का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। तब से अब तक करीब 50 फिल्मों में अभिनय कर चुका हूं। धाकड छोरा के अलावा निकम्मा, अकड, खरदू, सौदा, खलबली, हुडदंग, फक्कड, लालाजी का ब्याह आदि प्रमुख फिल्में है। मैंने सभी तरह की भूमिकाएं की है लेकिन लालाजी, मुल्लाजी और पंडितजी की भूमिकाओं को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

प्रश्न- आप अध्यापक भी रहे और लेखनी का काम भी किया। कितनी कहानियां आपने लिखी? आपकी कहानियां मूलत किस विषय पर होती है?

उत्तर-अभी तक मैंने करीब 50 कहानियां लिखी हैं। ज्यादातर कहानियों में ग्रामीण परिवेश का चित्रण होता है। मैं मुजफ्फरनगर के कॉलेज में शिक्षण का काम किया। असिस्टेंट लेक्चरार के रूप में छात्रों को पढाया। शिक्षण का कार्य करते हुए लेखनी करता था। मेरी लिखी कई कहानियों पर फिल्में भी बनी। करीब 20 कहानियां ऐसी है, जिन पर फिल्में बनी है। इसके अलावा मुझे शुरू से ही चित्रकला का शौक रहा है। समय समय पर चित्र बनाता रहा हूं। मेरे चित्रों की प्रदर्शन भी लगी है। दिल्ली के रविंद्र भवन में एकल चित्र प्रदर्शनी लगी थी। मैं ज्यादातर ग्रामीण परिवेश, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं जैसे विषयों पर लैंडस्कैप बनाता हूं। चित्रकला के लिए कई बार अर्वाड भी मिला। दिल्ली के जामिया मिलिया कॉलेज ने चित्रकला के लिए सम्मानित किया है।

प्रश्न- आज के युवा कलाकारों को आप क्या संदेश देना चाहते है?

उत्तर- एक बात मैं स्पष्ट कह देना चाहता हू कि मेरे 20 साल के फिल्मी कैरियर में मैंने कभी भी फिल्मों में ना तो फुहडता की है और ना ही कभी इसका समर्थन किया है। कभी फुहडता की कहानी भी नहीं लिखी है। हमेशा से देशप्रेम, समाज सुधार, भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को ही लेखनी और फिल्मी कैरियर का आधार बनाया।

प्रश्न- देहातीवुड की स्थिति कैसी है? क्या यह दूसरी भाषाओं की फिल्मों जैसी है?

उत्तर- देखिए, देहातीवुड में दर्शक तो है लेकिन अच्छी टीम नहीं है। प्रोड्यूसर नहीं हैं जो फिल्में बना सके। सरकार से भी कोई मदद नहीं मिलती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। देहाती फिल्मों को सिनेमा हॉल वाले तरजीह नहीं देते हैं। कहा जा सकता है कि कुछ लोगों ने इसे निजी बपौती बना रखी है। एक कमी है उत्तर कुमार जी के अलावा कलाकारों की टीम नहीं है। हम कौन है, क्या कर रहे हैं, भान होना चाहिए। उत्तर जी इस विधा के श्रेष्ठ कलाकारों में गिने जाते है।

प्रश्न- आपने ने देहातीवुड के मशहूर कलाकार उत्तर कुमार के साथ लंबा काम किया है। उनके बार में हमारे पाठकों कुछ बताइए?

उत्तर- देखिए, उत्तर कुमार जी बहुत ही मंझे हुए कलाकार है। वे भूमिका में रम जाते है। सटिक अभिनय करते है। अगर कहा जाए कि वे देहातीवुड के अमिताभ बच्चन है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उनके साथ मैंने कई फिल्में की हैं। उनका हमेशा सपोर्ट मिलता रहा है।

प्रश्न- उत्तर कुमार के बारे में कई बातें कही जाती है। कहा जाता है कि वे उभरते हुए कलाकारों को सपोर्ट नहीं करते है। उन्हें इगो बहुत है। आप क्या कहेंगे?

उत्तर- देखिए, मैंने उनके साथ लंबा काम किया है। मुझे तो कहीं भी ऐसा नहीं दिखा। उनके व्यक्तिगत जीवन में मैं जाना नहीं चाहता हूं। लेकिन कलाकार के तौर पर वे एक शानदार शख्सियत है। पिछले 25 साल से मैं उन्हें जानता हूं।

प्रश्न- क्या देहातीवुड में प्रोड्यूसर मिल जाते है?

उत्तर- नहीं, देहाती फिल्मां के लिए प्रोडयूसरों की भारी कमी है। टीम मिल जाए तो लोग पैसा लगाने के लिए तैयार हो सकते हैं। बहुत ही कम बजट में फिल्म बन जाती है। मात्र दस लाख रुपए में देहाती फिल्म बन जाती है। मुझे तो कई टीमों के साथ काम करने में कोई बाधा नहीं आती है। बस, प्रोडयूसर को सामने आना चाहिए।

प्रश्न- अब आप क्या कर रहे है?

उत्तर- ईश्वर की कृपा से दो बेटे हैं। दोनों संस्कारवान है। बडा लडका आबकारी इंस्पेक्टर है। छोटा बेटा सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। ऐसे बेटे भगवान सबको दें। पुत्रवधू बहुत ही ख्याल रखती है। पौत्र शतरंज का इंटरनेशनल खिलाडी है। ईश्वर शेष जीवन साहित्य और समाज की सेवा में बिताने का मौका दे, यहीं प्रार्थना करता हूं।

**देव शर्मा**

**जीवन परिचय- देव शर्मा का जन्म बागपत जिले के सरूरपुर कलां गांव में हुआ है। उन्होंने 12वीं तक की पढाई गांव में ही की। इसके बाद बागपत बडौत से ग्रैजुएशन किया। इसके अलावा ललित कला में डिप्लोमा भी हासिल किया। वे मुजफ्फरनगर के एक कॉलेज में शिक्षक रहे। बाद में आकाशवाणी और दूरदर्शन में गीत प्रस्तुत करते रहे। साल 2000 में उन्होंने देहाती फिल्मों में अभिनय शुरू किया।**



# न्यूज वन इंडिया के कांवद भंडारे में पहुंचे नेता, अधिकारी और पत्रकार





















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिला एमएमजी अस्पताल के निकट न्यूज वन इंडिया परिवार की ओर से आयोजित शिवरात्रि कांवड़ यात्रा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक फायर ब्रांड नेता भाजपा संगीत सोम, एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण पहुंचे। यहां आयोजक एवं न्यूज वन इंडिया के प्रमुख अनुराग चढ़ा, रवि कुमार व संवाददाता यादराम भारती को आयोजन के लिए शुभकामना दी गई। साथ ही भंडारे में भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सलामत मियां, लोकेश राय, शक्ति सिंह, रोहित सिंह, रालोद नेता भुल्लन चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर शर्मा के दिल में लगी हुई है आग? वो दे रहे हैं जगह-जगह संदेश? हमारे साथ तो हो रहा है नगर निगम में अनदेखी वाला काज? हम बता रहे हैं आपको यहां पर दो जाट मैम्बरों के नाम? जिनके मौहल्ले में विकास करने के लिए साहब हैं मेहरबान? एक के मौहल्ले में 40 तो दूसरे के मौहल्ले में लगाई गई हैं 30 हाईमास्क लाईट? उन पर मेहरबानी करके कर दिया है हमारा मामला टाईट? पांच लाईटें ही भेजी गई हैं हमारे मौहल्ले के पास? ना जाने क्यों वो अपनों से इतना प्यार करते हैं और हमसे दिखाते हैं दूरियों का एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसके बाद भी नहीं हो रहे थे कमांडर के प्रिय मैम्बर शर्मा के तेवर ढीले? वो बातें ऐसी कह रहे थे जैसे ठोक रहें हो कीलें? उन्होंने दिया सतेन्द्र भैया के यहां पर 15 करोड़ के कार्य कराने का उदाहरण? कहा उनको 15 खोखे और हमको 70 पेटी का विकास? कोई तो समझाओं हमें ये अनदेखी का कारण? वो बोले इस 70 में भी केवल 50 पेटी का ही हुआ है क्षेत्र में विकास? बाकी मामला टैक्स और ब्लो-रेट में चला गया? अब कहां तक बतायें हम आपको अपने दर्द-ए-दिल की बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो चेहरे इस वक्त फील कर रहे हैं भाजपा में खुद को आधा? जिनसे नगर निगम चुनाव में भाजपा वालों ने किया था कोई बड़ा वादा? निर्दलीय चुनाव की ताल ठोकने वाले इन चेहरों को उस वक्त भगवागढ़ के जनप्रतिनिधियों ने किया था आश्वस्त? कहा था आपको चुनाव के बाद नामित पार्षद का दर्जा दिलवा देंगे? ऐसे करने में नहीं होगा हमें कष्ट? कहने वाले ने कहा अब इन सपनों को दिखाये हुए बीत गये हैं दो से ऊपर साल? कहने वाले कह रहे हैं इससे अच्छा तो हम चुनाव ही लड़ लेते? इतिहास में कम से कम दर्ज तो होती हमारे चुनाव लड़ने की मिसाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के भगवा कमिश्नर जिनको हैं लड्डू बहुत ही पसंद? सुना है उनके दिमाग में चल रहा है भगवा योद्धा की टीम में महानमंत्री बनने का द्वंद्व? वो दे रहे हैं अपने लोगों में संदेश? कह रहे हैं जब राजन भैया कोटे वाले मैटर से महानमंत्री बन सकते हैं? तो इस लड़ाई में कहां बुरा है मेरा फेस? मैं भी कर रहा हूं लगातार उनकी टीम में आने का प्रयास? मुझे लग रहा है मेरे हिस्से में भी आयेगी अच्छी खासी घास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है मोर्चा वाले सचिन भैया हमेशा बात सीधी और करते हैं स्पष्ट? वो भविष्य में खूब आगे जायेंगे, भले ही हो किसी को कष्ट? उनकी बातों में हमें नहीं आता है जातिवाद नजर? इसलिए हम करते हैं इस चेहरे की कदर? हमें पता चला है हालही में उन्होंने अपने साथियों में दिया है ये संदेश? जाति के आधार पर नहीं मेहनत के आधार पर संगठन में आने चाहिए फेस? कहने वाले ने कहा उन्होंने ये बात तो की है बहुत ही महान? मगर ये तो सभी जानते हैं कि इस पर कौन सा दल अमल करता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं गारंटी लेकर एक बात? एक गोयल चेहरा अब जल्दी से नजर नहीं आयेगा ताकतवर लेडी के आस-पास? हमें पता चला है किसी बात की वजह से कट गये हैं इस चेहरे के बहुत ज्यादा नंबर? अब मामला ठीक होता हुआ नहीं दिख रहा है? भले ही अगस्त आ जाये या सितंबर? हम यूं ही नहीं बोल रहे हैं आपको ये बोल बड़े? भले ही वो कितने ही खा लें कांजी के बड़े?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेयर खेमे से आ रही है एक बात बार-बार बाहर? कहने वाले कह रहे हैं जब मेयर ने भरी बैठक में कर दिया है बढ़े हुए हाउस टैक्स को निरस्त? तो इस बात पर कोर्ट में रिट डालने वाले फोर पार्षदों को भी देना चाहिए ध्यान? ये खेमा कह रहे है कि जब मेयर साहब ने कर दी हैं सभी चीजें क्लीयर? तो फिर कोर्ट में लड़ाई किस बात की लड़नी है डियर? ना जाने साहब सुना दें कौन सा बड़ा फैसला? बढ़ भी सकता है और घट भी सकता है ऐसा होने पर लड़ने लड़ने वालों का हौंसला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से पता चली है आने वाले समय की बात? गाजियाबाद की तीन विधानसभा सीटों में से एक सीट को वीआईपी घोषित करने के ऊपर चल रहा था विवाद? कहने वाले कह रहे थे एक सेफ सीट पर उतारना चाहिए कोई वीवीआईपी उम्मीदवार? ऐसा होने से साथ में लगी बाकी सीटों का भी हो जाता है बेड़ा पार? कहने वाले ने कहा जिस सीट पर नहीं रहता है किसी भी चुनाव में कंपटीशन? पार्टी आला कमान वाले वीआईपी को लेकर ऐसी ही किसी सीट पर लेने वाले हैं डिसीजन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि तर्क वाले त्यागी जी तरकश से साध रहे थे एक जनप्रतिनिधि पर तीर? वो कह रहे थे ये काहे बात के हैं भगवा वीर? वर्ष 2011 से ही तो है इनकी सक्रियता का इतिहास? इससे पहले इन्होंने कौन सी फली फोड़ी है, हमें बताओ तो सही आप? इसलिए ये जब भी मंचों पर जायें? इन्हें नहीं देना चाहिए पुराने भाजपाई होने का ज्ञान? अगर हमारी बात में कोई डाउट नजर आ रहा है तो एक बार वो हमारे शब्दों पर भी दे लें ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सिंघल ने लगता है बिना कहे ही ले लिया है राजनीति से सन्यास? पहले तो हो जाते थे लेकिन अब तो उनके किसी भी भाजपाई कार्यक्रम में दर्शन नहीं होते है साहब? सिर्फ और सिर्फ आती है उनकी नवयुग वाले ऑफिस की लोकेशन? भगवा भोज वाला भी बंद कर दिया है उन्होंने सेशन? उन्हें अब भाती है बस और बस तन्हाई? अब हमको उनमें दिखाई नहीं देता वो पहले जैसा भाजपाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे गणमान्य लोग












गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए समाज के गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## चौथे टेस्ट से पहले भारत को एक और झटका

# नीतीश-अर्शदीप के बाद आकाश दीप भी बाहर हुए

**मुंबई।** भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से चौथा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले भारतीय टीम को एक और झटका लगा है। दरअसल, तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण बाहर हो गए हैं। इसकी जानकारी भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बता दें कि, ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी पूरी सीरीज और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सिर्फ अगले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं।

### कमर में चोट के कारण बाहर हुए आकाश दीप

आकाश दीप कमर में चोट के कारण मैनचेस्टर टेस्ट से बाहर हो गए। इसकी पुष्टि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने की। ऐसे में उम्मीद है कि अंशुल कंबोज को उनकी जगह प्लेइंग 11 में मौका मिल सकता है। वह मैनचेस्टर टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं। गिल ने कहा, 'नीतीश रेड्डी पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं। अब आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। लेकिन हमारी टीम में बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हम 20 विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'




### कंबोज करेंगे डेब्यू या कृष्णा को मिलेगा मौका?

आकाश दीप के बाद तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा के बीच अंतिम एकादश में जगह बनाने की जंग है। आकाश दीप की तरह, कंबोज भी अच्छी सीम मूवमेंट पैदा कर सकते हैं। वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां की परिस्थितियों से कुछ हद तक वाकिफ हैं। अंशुल कंबोज के डेब्यू को लेकर पूछे गए सवाल पर गिल ने कहा, 'हमने (अंशुल कंबोज) उसे काफी देखा है। वह अच्छी तरह जानता है कि हम क्या चाहते हैं। वह इसलिए टीम में है क्योंकि उसे पता है कि वह हमें मैच जिता सकता है। हां, हर मैच के बाद वापस जाकर अलग संयोजन अपनाना आदर्श नहीं है। लेकिन हां, वह डेब्यू करने के बहुत करीब है। उसके और प्रसिद्ध के बीच मुकाबला होगा।'

### सीरीज बचाने के लिए हर हाल में चाहिए जीत

इंग्लैंड ने लीड्स में खेले गए सीरीज के पहले मैच में जीत हासिल की थी, जबकि भारत ने दूसरे टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर दी थी। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत ने दबदबा बनाया था, लेकिन पांचवें आसान सा लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी थी। इस हार के चलते भारत सीरीज में पिछड़ गया। अब उसे सीरीज में बने रहने के लिए चौथा मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। भारत के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन खिलाड़ियों की चोट से उसकी मुश्किलें काफी बढ़ गई है।

# सोलन की निधि ठाकुर ने 800 मीटर दौड़ व सिरमौर की दीक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** सोलन जिले की निधि ठाकुर ने बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्तर की ओपन एथलेटिक्स मीट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निधि ने 800 मीटर की दौड़ में सफलता हासिल की। बीते एक वर्ष से निधि ऊना में खेल विभाग के कोच राकेश चौधरी के पास प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। ऊना कॉलेज में एमए अंग्रेजी की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। निधि इससे पहले बिलासपुर में भी राकेश चौधरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं थी। उनका तबादला यहां होने के बाद से वह अपने उम्दा प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाईं। आखिरकार बीते वर्ष निधि यहां ऊना आकर फिर से कोच राकेश से प्रशिक्षण पाकर कड़ी मेहनत में जुट गई। अब राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। निधि सोलन के अर्को तहसील के गांव खनोल की रहने वाली हैं, उनके पिता जतिंदर ठाकुर पेशे से चालक हैं माता सुनीता ठाकुर हैं।





### सिरमौर की दीक्षिता को स्वर्ण, किक बॉक्सिंग में अब देश के लिए खेलेंगी

वहीं छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीक्षिता चौहान ने गोल्ड मेडल जीता है। उनका चयन आबूधाबी में नवंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मूल रूप से टिक्कर डिसवानी निवासी दीक्षिता चौहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। पहले भी दीक्षिता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार जीत का परचम लहरा चुकी हैं। विपरीत आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद दीक्षिता ने हार नहीं मानी। पिता का सिर से साया उठ चुका है। वह चार बहनें हैं। मां ने किसी तरह पालन पोषण किया। तीन बहनों की शादी हो चुकी है और दीक्षिता अब मां के साथ रहती हैं। दीक्षिता चौहान ने बताया कि उन्होंने किक बॉक्सिंग में वर्ष 2014 से शुरूआत की। उन्हें पहला स्वर्ण पदक 2019 में मिला। इसके बाद 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक, 2021 में कांस्य, 2022 में भी कांस्य के अलावा अब तक कई पदक जीत चुकी हैं।

# मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की छह खिलाड़ियों का इंडिया कैंप के लिए चयन



स्वाति | प्रिया महाजन | मुस्कान | आरुषि | मुस्कान देवी | कनिष्का

**नई दिल्ली।** मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की छह खिलाड़ियों का चयन इंडिया कोचिंग कैंप के लिए के लिए हुआ है। इस कोचिंग कैंप से जूनियर एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। नर्सरी की खिलाड़ियों ने एक बार फिर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 20 अगस्त से 29 अगस्त तक ताशकंद उज्बेकिस्तान में होने वाली जूनियर एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए कोंचिग कैंप शुरू हो गया है। कैंप एनसीईओ भारतीय खेल प्राधिकरण गांधीनगर गुजरात में 18 जुलाई से शुरू हो चुका है।

इस कैंप में नर्सरी की छह खिलाड़ी का चयन हुआ है। इसमें प्रिया महाजन मुस्कान,कनिष्का, मुस्कान, मुस्कान देवी, प्रिया महाजन, आरुषि और स्वाति शामिल हैं। कोचिंग कैंप से चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इन छह खिलाड़ियों को चयन टीम में होगा। मोरसिंधी हैंडबाल नर्सरी की संचालिका और कोच स्नेहलता ने बताया कि खिलाड़ियों को अनके अच्छे प्रदर्शन के चलते इंडिया कोचिंग कैंप में जगह मिली है।

### कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम रवाना

राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल की टीम सोमवार को तमिलनाडु के लिए रवाना हुई। टीम 24 से 27 तक होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम में दधोल स्कूल के आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कोच बालकृष्ण ने बताया कि हिमाचल से एक टीम अंडर-15 और दूसरी टीम अंडर-19 वर्ग में भाग लेने के लिए रवाना हुई है।

# टाईब्रेकर में जीत से दिव्या शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में, हमवतन हरिका को दी मात


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया। 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी।



यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है। शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में प्रवेश मिलना है। कैंडिडेट्स टूनार्मेंट का विजेता विश्व चैंपियन को चुनौती देता है। हरिका के पास दूसरे गेम में वापसी का मौका था, पर उन्हें मुकाबला गंवाना पड़ा। हरिका ने जैसे ही दिव्या से हाथ मिलाया, वह भावुक हो गईं। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वह सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।

शतरंज की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्था फिडे ने पुरुषों के विश्वकप की घोषणा कर दी है। यह विश्वकप 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा। अभी विश्वकप के आयोजन स्थल की घोषणा नहीं हुई है। इस टूनार्मेंट में कुल 206 शतरंज खिलाड़ी खेलेंगे। इससे पहले भारत ने 2002 में हैदराबाद में विश्वकप की मेजबानी की थी, जिसे आनंद ने जीता था।

# भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने ड्रेसेज स्पर्धा जीती, पिया दूसरे और कथरीना तीसरे स्थान पर



**नई दिल्ली।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। अग्रवाला पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

यह जीत इस जोड़ी के लिए एस स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनके घोड़े की यह एक साथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, फ्लोरियाना के लिए यह तो बस शुरूआत है। मैं भविष्य को लेकर उत्साहित हूं।

# युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर एमएस धोनी ने जताई चिंता, बोले- कई लोग अभी भी खेल नहीं खेलते हैं



**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारत में युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर चिंता जाहिर की है। रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। 44 साल के धोनी का फिटनेस पर काफी जोर रहा है और वह अभी भी मैदान पर फिट नजर आते हैं।

### धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया था संन्यास

धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं। धोनी इस उम्र में भी विकेट के पीछे काफी तेज रहते हैं और बल्लेबाज को चकमा देने का मौका नहीं छोड़ते हैं। धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। हालांकि धोनी अपनी अनुशासित दिनचर्या के साथ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने भारतीयों, विशेषकर बच्चों में फिटनेस के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहने पर दिया जोर

धोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, आजकल उम्र कम हो रही है, यानी शारीरिक गतिविधियों की मात्रा कम हो रही है। इसलिए, हम भारतीयों का औसत फिटनेस स्तर कम हो गया है। मुझे लगता है कि मेरी बेटी भी ज्यादा शारीरिक गतिविधि नहीं करती। वह खेलों में रुचि नहीं रखती, इसलिए हमें ऐसी योजनाएं बनानी पड़ती हैं जहां आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। यही हाल रहा है। बहुत से लोग खेल नहीं खेलते हैं।

धोनी ने 2004 में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था और वह 2007 में भारत के कप्तान बन गए थे। अपने करियर के दौरान धोनी मैदान पर शांत रहने के लिए जाने गए, लेकिन फिटनेस को लेकर उन्होंने हमेशा ध्यान दिया। वह भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने तीनों आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की है। धोनी के नेतृत्व में भारत ने 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था।

### फिटनेस को लेकर जागरूक रहे हैं धोनी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी धोनी फिटनेस को लेकर जागरूक रहे। धोनी आईपीएल 2025 में खेले थे और वह इस लीग में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। धोनी ने आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया है क्योंकि उनका कहना है कि वह सीजन शुरू होने से पहले देखेंगे कि उनका शरीर कितना फिट है।

# सिनर और जोकोविच के बाद कार्लोस अल्कारेज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

**टोरंटो।** विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया है। वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन की तैयारियों से पहले इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट में अल्कारेज के नहीं खेलने से इसकी चमक फीकी पड़ गई है। अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूनार्मेंट से नाम वापस लिया है।

अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे।

अल्कारेज ने बताया कि उन्होंने थकान के कारण टोरंटो मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। अल्कारेज ने कहा, मैं अभी विंबलडन की थकान से उबर रहा हूं और इस कारण टोरंटो मास्टर्स में भाग नहीं ले पाऊंगा।



# फुटबॉल लीग : 70वें मिनट में बल्लू की फ्री पिक पर गोल से बीएलडब्ल्यू ने खेला 2-2 से ड्रा, मुकाबले ने चौंकाया

**नई दिल्ली।** बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान पर खेली जा रही जिला फुटबॉल लीग में सोमवार को पूल बी में दो मुकाबले खेले गए। लीग के दो मुकाबले में चार गोल हुए लेकिन दोनों मुकाबले बराबरी पर छूटे। जिला फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित मोहम्मद राजाउद्दीन स्मृति फुटबॉल लीग में 14 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। लीग के दूसरे दिन का पहला मैच सिगरा एफसी बनाम बीएलडब्ल्यू के बीच खेला गया।

मैच का पहला गोल खेल के आठवें मिनट में सिगरा एफसी के मिडफिल्डर के पास पर फॉर्वर्ड खिलाड़ी अजय चौहान ने कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। जवाब में बीएलडब्ल्यू के बालू वर्मा ने 22वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति पर दोनों टीम एक-एक से बराबरी पर रहीं।





दूसरे हाफ के 46वें मिनट में अजय चौहान ने दूसरा गोल कर सिगरा एफसी की टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। एक गोल से पिछड़ने के बाद बीएलडब्ल्यू की टीम ने विपक्षी टीम के गोलपोस्ट पर लगातार हमले किए। खेल के 70वें मिनट में बीएलडब्ल्यू के स्ट्राइकर बल्लू वर्मा ने डायरेक्ट फ्री पिक पर गोल कर बीएलडब्ल्यू की टीम को बराबरी ला दिया। अंत में दोनों टीमें 2-2 के स्कोर से बराबरी पर रही।

दिन का दूसरा मैच फुटबॉल नर्सरी बनाम वाराणसी खेल छात्रावास के बीच हुआ। पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में के 69वें मिनट में राजेश यादव ने एकल प्रयास से गोल करने का प्रयास किया लेकिन खेल छात्रावास के खिलाड़ी ने पेनल्टी एरिया में गोल करने से रोक दिया। अंत में दोनों टीम का स्कोर 0-0 रहा। रेफरी की भूमिका अजय यादव, जैसल कुमार, राहिल अनवर, विनोद यादव, संजिव पटेल, अतुल कुमार, सनी कन्नोजिया ने निभाई।जिला फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव चितहर प्रसाद मौजूद रहे।

# चीन के ली शी फेंग से हारकर बाहर हुए लक्ष्य सेन एचएस प्रणय पांच मैच अंक बचाकर अगले दौर में पहुंचे


**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच अंक बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, लक्ष्य सेन एक बार फिर पहली बाधा पार नहीं कर पाए।

### लक्ष्य को मिली मात

विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरूआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शी फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### मैच के बाद क्या बोले प्रणय?

प्रणय ने मैच के बाद कहा, 'मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं। खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। पुरुष एकल में औसत आयु अचानक 22-23 वर्ष हो गई है। बहुत सारे नए चेहरे हैं और आप वास्तव में नहीं जानते कि उनका खेल कैसा है। अब अनुभव बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है।'



भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। फिर भी 15-20 के स्कोर पर जापान के खिलाड़ी के पास पांच मैच प्वाइंट थे। भारतीय खिलाड़ी ने इन सभी मैच प्वाइंट को बचाकर 21-20 की मामूली बढ़त हासिल कर ली और आखिर में यादगार जीत दर्ज की।

### अनुपमा को झटका

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन ह्सियांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं। ए सूर्या और ए प्रमुथेश तथा रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी अपने शुरूआती दौर के मैच हार गईं।

# दीप्ति शर्मा ने लगाई लंबी छलांग, इस स्थान पर पहुंचीं; स्मृति मंधाना की बादशाहत बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने 10 स्थानों की छलांग लगाकर मंगलवार को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में 23वां स्थान हासिल कर लिया। वहीं, टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना की बादशाहत बरकरार है। दीप्ति फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर हैं और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही हैं। पहले मुकाबले में उन्होंने 62 रनों की नाबाद पारी खेलकर मेजबानों के खिलाफ भारत को जीत दिलाई थी। दूसरे मुकाबले में उन्होंने 30 रनों की नाबाद पारी खेली। हालांकि, भारत यह मैच नहीं जीत पाया था। अब दीप्ति को उनके शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वनडे की बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें पायदान पर पहुंच गईं।

### मंधाना शीर्ष पर काबिज

इंग्लैंड की सोफिया डंकली ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में 92 गेंदों में 83 रन बनाए थे। अब उन्हें इस प्रदर्शन का फायदा मिला है। डंकली ने 24 स्थानों की छलांग लगाकर 52वां स्थान हासिल कर लिया। 53 रनों की शानदार पारी खेलने वाली एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स भी 40 स्थानों के लाभ के साथ 118वें पायदान पर पहुंच गईं। वहीं, मंधाना की बादशाहत पर कोई असर नहीं पड़ा है। वह 727 रेटिंग के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को पांच स्थानों का झटका लगा है। वह 21वें स्थान पर खिसक गईं।

### स्नेह राणा को मिला फायदा

गेंदबाजों की बात करें तो पहले स्थान पर काबिज सोफी एक्लेस्टोन ने भारत के खिलाफ जारी इस सीरीज में चार विकेट लेकर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। उनकी रेटिंग 747 से 776 हो गई। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः एश्ले गार्डनर (724) और मेगन स्कट (696) हैं।